हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

*कोंटा-एर्राबोर मार्ग स्थित ढोण्डरा के करीब क्रेशर प्लांट में नक्सलियों ने किया ब्लास्ट*



# पहले गाड़ी फूंकी, फिर जांच के लिए पहुंची टीम को विस्फोट कर उड़ाया

## एएसपी आकाश शहीद, डीएसपी और टीआई जख्मी

### घटनास्थल पर मिला एएसपी का मोबाइल

जानकारी के मुताबिक 42 वर्षीय एएसपी आकाश राव गिरपूंजे ईदगाह भाटा मार्ग रायपुर के रहने वाले थे। वर्ष 2013 में डीएसपी पद पर उनकी सीधी भर्ती हुई थी। वर्ष 2024 से कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। पुलिस विभाग में भर्ती दिनांक से प्रशिक्षण अवधि तक वे सुभाष चन्द्र बोस पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी के बाद जिला कांकेर, राजनांदगांव मानपुर मोहला, दुर्ग, शेष पेज 7 पर

*कोंटा-एर्राबोर मार्ग स्थित डोण्डरा गांव के करीब क्रेशर प्लांट में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल एएसपी कोंटा डिवीजन आकाश राव गिरपुंजे शहीद हो गए। वहीं ब्लास्ट की चपेट में आने से डीएसपी कोंटा भानुप्रताप चन्द्राकर व टीआई सोनल गवला व कुछ जवान भी घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/कोंटा

बीती रात नक्सलियों द्वारा क्रेशर प्लांट में खड़े वाहन को आग लगाकर फूंक दिया था। इसी के चलते पुलिस पार्टी एएसपी गिरीपुंजे के नेतृत्व में पैदल गश्त पर निकली थी, तभी आईईडी ब्लास्ट होने से पुलिस पार्टी चपेट में आ गई।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह कोंटा थाना से महज तीन किलोमीटर के दूरी पर नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। रविवार रात एक निजी ठेकेदार की पोकलेन मशीन ढोण्डरा पंचायत के चिकवारगुड़ा गांव में पहाड़ पर पत्थर निकालने खदान में गई थी, जिसे नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया था। घटनास्थल का मुआयना करते अपने अधीनस्थ शेष पेज 7 पर

### 2009 के बाद प्रदेश में तीसरी बड़ी घटना

प्रदेश में यह तीसरा मौका है जब कोई बड़ा अधिकारी शहीद हुआ है। इससे पूर्व वर्ष 2009 राजनांदगांव के मदनवाड़ा में नक्सलियों ने पुलिस टीम पर हमला किया था। इसमें तत्कालीन एसपी विनोद चौबे शहीद हो गए थे। इसके पूर्व 2001 में एडिशनल एसपी भास्कर दीवान शहीद हुए थे। वर्ष 2011 में राजेश पवार गरियाबंद आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए। वहीं अब 2025 में एएसपी शेष पेज 7 पर



*नक्सलियों के 10 जून को भारत बंद को ध्यान में रखते हुए पैदल गश्त पर निकली थी टीम*



### मौके पर पहुंची बेकअप फोर्स कर रही जांच

घटना के बाद मौके पर बेकअप फोर्स को रवाना किया गया जो घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चला रही है। घटना के बाद क्षेत्र में हाई अलर्ट है। नक्सली गतिविधियों की आशंका के चलते अतिरिक्त बल भी शेष पेज 7 पर

### पुलिस में नौकरी से पूर्व बैंक में सेवारत थे शहीद आकाश

जानकारी के मुताबिक पुलिस विभाग में नौकरी करने से पूर्व वे यूको बैंक के अफसर थे, जिसके बाद वह राज्य पुलिस सेवा में आए। घटना के दौरान आकाश की पत्नी स्नेहा अपने दोनों बच्चों के साथ छुट्टी में पवनी महाराष्ट्र मायके शेष पेज 7 पर

*मायके गई पत्नी को गंभीर रूप से घायल होने की दी गई थी सूचना, पति का शव देख लिपटकर बिलखती रही पत्नी*

*अफसर को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री साय उनके निवास पहुंचे*



**शहादत पर छलका दर्द**



# बेटी के जन्मदिन पर आने का वादा था आकाश नहीं, उनकी शहादत की सूचना आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नक्सली विस्फोट में शहीद कोंटा एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की शहादत की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ मोहल्ले में मातम पसर गया। बेटी के जन्मदिन पर आने का वादा करने वाले आकाश तो नहीं आए, उनकी शहादत की खबर घर पहुंची। रायपुर के चंगोराभाठा के रहने वाले आकाश के निवास पर पूरे दिन परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का आना-जाना लगा रहा। देर शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे सहित अन्य गणमान्य लोग शहीद पुलिस अफसर को श्रदंधाजलि देने घर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह आकाश राव गिरपुंजे के घर पहुंचे और देर पूरे समय शहीद अफसर के परिजनों के बीच रहकर ढाढ़स बंधाते रहे। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह भी शहीद अफसर के घर सांत्वना देने पहुंचे।

शेष पेज 7 पर



**मुख्यमंत्री साय ने शहीद एएसपी के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि**

- मुख्यमंत्री ने ली गृह विभाग के अधिकारियों की हाई लेवल मीटिंग
- अस्पताल पहुंचकर घायल जवानों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण शेष पेज 7 पर

# प्राचार्य पदोन्नति मामले में जवाब देने एक दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में सोमवार को प्राचार्य पदोन्नति में मापदंडों व दिशा निर्देशों का पालन करने की मांग संबंधी दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने जवाब फाइल करने के लिए समय देने का अनुरोध किया। इस पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक दिन का समय देते हुए 11 जून को सुनवाई तय की है।सोमवार को ग्रीष्मकालीन शेष पेज 7 पर

- मामले में अब 11 जून को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई



### फाइनल हियरिंग

डिवीजन बेंच ने एक दिन का समय देते हुए सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि तय कर दी है। इस दिन डिवीजन बेंच में फाइनल हियरिंग होगी। आज दोपहर हाईकोर्ट में याचिका की सुनवाई के दौरान प्राचार्य पदोन्नति फोरम की ओर से अनिल शुक्ला, राकेश शर्मा, श्याम कुमार वर्मा, रूद्र कुमार वर्मा एवं विनोद कुमार वर्मा मौजूद थे।






### पीएम मोदी आज बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिलेंगे, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का रुख बताने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर गए थे। सदस्य प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे।



### सऊदी की यात्रा के लिए भारतीयों पर बैन नहीं

**नई दिल्ली।** हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों पर प्रतिबंध की अटकलों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सऊदी अरब की यात्रा के लिए भारतीयों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सऊदी अरब ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। हज के दौरान भीड़भाड़ को रोकने वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है।

### यात्रा टली, अब 11 को अंतरिक्ष में जाएंगे शुभांशु

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए लॉन्च होने वाला एक्सिओम-4 मिशन खराब मौसम के कारण टाल दिया गया है। अब यह 11 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाएगा। 41 साल बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 11 जून को सुबह एक्सिओम स्पेस के एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर रवाना होंगे।











छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज को और अधिक प्रभावी एवं जन-हितैषी बनाने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर में चिंतन शिविर 2.0 का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के नवाचारों और सुशासन की आधुनिक तकनीकों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने विषय विशेषज्ञों के साथ सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

# चिंतन शिविर में नवाचार से गुड गवर्नेंस पर मंथन डिजिटल हेल्थ सर्विस के फायदे भी गिनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिंतन शिविर के अंतिम दिन प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने आर्ट ऑफ गुड गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, राज्य की क्षमताओं में वृद्धि करने, अनावश्यक नियमों को हटाने तथा सरकारी एजेंसियों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकारें अपने नीति-निर्धारण और कार्यान्वयन की गुणवत्ता को कैसे अधिक प्रभावी बना सकती हैं। चिंतन शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग सेशन से हुई थी।

**दूसरे दिन सीएम और मंत्रियों ने योगाभ्यास भी किया**



### मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा के युवा उद्यमियों को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहा, छत्तीसगढ़ में खनिज, वन सहित अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके फलस्वरूप कृषि के साथ-साथ उद्योग-धंधों सहित प्रत्येक क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी मौजूदा क्षमताओं का सही ढंग से उपयोग कर प्रदेश और देश के नव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। नवा रायपुर आईआईएम परिसर में दंतेवाड़ा के नवोदित उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। दंतेवाड़ा जिले के 50 युवाओं का एक बैच देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम में उद्यमिता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

### सुशासन को मजबूत करने चुनावों में लाएं पारदर्शिता: माहुरकर

राजनीतिक विश्लेषक और लेखक उदय माहुरकर ने गुड गवर्नेंस टू इलेक्शन विषय पर भारतीय लोकतंत्र के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, राजनीतिक आचरण की गुणवत्ता, प्रशासनिक जवाबदेही और नीतियों के जन-हितैषी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सशक्त और पारदर्शी शासन प्रणाली लोकतंत्र में जनता का विश्वास बढ़ाती है और चुनावी प्रक्रिया को भी प्रभावित करती है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सुशासन को मजबूत करने, चुनावों में पारदर्शिता लाने और प्रशासन में नैतिक मूल्यों की स्थापना के उपायों पर भी प्रकाश डाला।

### डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को दे बढ़ावा-गुप्ता

डिजिटल हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने डिजिटल स्वास्थ्य तकनीक और सुशासन के सम्बन्ध में बताया कि डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजीज दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। उन्होंने ई-हेल्थ रिकॉर्ड्स, टेलीमेडिसिन, मोबाइल हेल्थ ऐप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा, डिजिटल स्वास्थ्य तकनीक से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त होती हैं, बल्कि शासन के प्रति आम जनता का भरोसा भी बढ़ता है।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में 11 को

**बिलासपुर।** प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर बड़ी संख्या में दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट में आगामी 11 जून को एक साथ सुनवाई होगी।

राज्यभर में शासन ने शिक्षा विभाग के तहत तमाम स्कोलों का और इनमें कार्यरत शिक्षकों का भी युक्तियुक्तकरण किया है। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा गड़बड़ी की जानकारियां सामने आ रही हैं। कहीं-कहीं स्कूलों को आपस में मर्ज करने में साड़ी वस्तुस्थिति का ध्यान नही रखा गया है और कई जगह गलत तरीके से सीनियर टीचर्स को जूनियर के स्थान पर अतिशेष बता दिया गया है। विषय के एक मात्र शिक्षक को भी इस तरह से अतिशेष बताकर हलाकान किया गया है। इन सब बातों को लेकर हाईकोर्ट में याचिकाओं का अम्बार लग गया है। जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की बेंच में इन्हें लिस्ट किया गया था।

### आकाशीय बिजली से दो बच्चों की दर्दनाक मौत

**मोहला।** आकाशीय बिजली गिरने से अंबागढ़ चौकी नगर के समीपस्थ ग्राम मालडोंगरी में आज अलग-अलग परिवार के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में दोनों नाबालिग की घटनास्थल पर ही एक साथ मौत हो गई। उल्लेखनीय कि दोपहर बाद लगभग 4 बजे के करीब बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मालडोंगरी गांव में सारिका कुंजाम पिता रामकुमार कुंजाम 13 वर्ष तथा संदीप नेताम पिता रुस्तम नेताम 14 वर्ष घर के करीब स्थित आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे। बारिश शुरू होते ही किसी तरह बच्चे संभल पाते, इसी वक्त अचानक उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हादसे के दौरान चार-पांच बच्चे आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे, तभी बिजली गिरने के साथ बारिश शुरू हुई। बिजली गिरने से जहां दो बच्चों की मौत हुई। वहीं मृतक संदीप का छोटा भाई भी मामूली रूप से इस हादसे में घायल हुआ है।

### बैंक के लॉकर से 50 लाख का गोल्ड गायब

**भिलाई।** लॉकर में रखा गया गोल्ड अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। घटना की लिखित शिकायत पुलिस में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क नंबर 5 भिलाई निवासी दरोगा सिंह ने सिविक सेंटर स्थित बैंक ऑफ बडौदा में लाकर लिया था। 17 जनवरी 2025 को बैंक कर्मियों द्वारा पीड़ित के पास कॉल आया कि लॉकर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। सोने के जेवरातों को दूसरे लॉकर में रखना होगा। दरोगा सिंह बैंक पहुंचे और बैंक कर्मियों ने दूसरे लॉकर में जेवरात को रख दिया। 22 अप्रैल 2025 को बैंक ऑफ बडौदा सिविक सेंटर लॉकर देखने पहुंचे। जहां से पीड़ित का दो पैकेट सोने के जेवरता गायब मिले। जिसमें दरोगा सिंह की पत्नी श्यामा सिंह, बेटी आराधना सिंह के सोने के जेवरात थे। बैंक कर्मियों से पूछने पर सभी टोल मटोल करने लगे। परेशान दरोगा सिंह, पत्नी श्यामा सिंह भिलाई नगर थाना पहुंचकर घटना की लिखित में शिकायत किया। इसके अलावा एसपी से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। उक्त सोने की कीमत करीब 50 लाख रुपए का होना बताया गया है।

### राज्य गठन के बाद से अब तक जारी है संघर्ष और शहादत की सिलसिला

# नक्सलियों के हमलों में अब तक 1417 पुलिस जवान और अफसरों की गई जानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ दशकों से चल रही पुलिस और सुरक्षा बलों की लड़ाई में पिछले 25 साल में 1417 से अधिक पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों ने अपनी शहादत दी है। सोमवार को बस्तर के सुकमा में नक्सलियों की बिछाई बारूदी सुरंग आईआईडी में विस्फोट से रायपुर निवासी एक पुलिस अधिकारी एएसपी सुकमा आकाश राव गिरपुंजे की शहादत ने इस क्रम को और आगे बढ़ाया है।**

**खास खबर**

खास बात ये है कि पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की शहादत के दम पर राज्य से नक्सलवाद का खात्मा करीब नजर आ रहा है। प्रदेश में शांति सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए ये बलिदान देना पड़ा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की गतिविधियों का इतिहास करीब 6 दशक पुराना है, लेकिन इनकी सक्रियता से लेकर आतंक के शीर्ष पर पहुंचने और अब खात्मे किए जाने का 25 साल का लेखा-जोखा एक अलग ही इतिहास लिख रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2000 में राज्य गठन से लेकर 25 साल की अवधि में हजारों नागरिकों, पुलिस और सुरक्षा बलों को लोगों ने अपनी शहादत दी है। यही नहीं, इस अवधि में बड़ी संख्या में नक्सली भी मारे गए हैं। राज्य में 2001 से लेकर 2025 में अब तक की स्थिति में सुरक्षा बलों के 1417 लोग शहीद हुए हैं।

### ये पुलिस अधिकारी हुए हैं शहीद

नक्सलियों के हमलों में जान गंवाने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची में कई नाम शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वीके चौबे 2009, एपीसी जयराम लकड़ा 2002, एपीसी रमेश कुमार 2003, सहायक सेनानी विजय नंद, विकास चंद्रा 2007, उप सेनानी दिवाकर महापात्र 2008, सहायक सेनानी मनोरंजन कुमार सिंह, राकेश कुमार 2009, सहायक सेनानी जतिन गुलाटी 2010, निरीक्षक एसआर नायर 2010, एएसपी राजेश पवार 2011 इनमें शामिल हैं।



### सीआरपीएफ के सबसे ज्यादा शहीद

2001 से लेकर अब तक नक्सल हमलों में सबसे अधिक 457 जवान और अधिकारी सीआरपीएफ के छत्तीसगढ़ में शहीद हुए हैं। जिला पुलिस( डीईएफ) सीएएफ, एसटीएफ, सहायक आरक्षक, एसपीओ, गोपनीय सैनिक, और नगर सैनिक मिलाकर राज्य पुलिस के 856 शहीद हुए। इनके अलावा बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, मिजो नगा फोर्स के सैकड़ों ने अपनी जानें गंवाईं है।

### 2007 में पहले सबसे अधिक 200 हुए थे शहीद

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2001 में नक्सलियों से लड़ते हुए सात पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों- अधिकारियों की जानें गई थी। लेकिन अगले ही साल यानी 2002 में यह आंकड़ा बढ़कर दोगुना यानी 14 हो गया। इसके बाद फिर 2003 में 32 शहादतें हुई। लेकिन इसके बाद वर्ष 2007 में 200 पुलिस व सुरक्षा बलों ने जानें गंवाई। इस साल में जिनकी शहादतें हुई उतनी न कभी पहले हुई थी न अब तक यानी 2025 तक हुई है। हालांकि इसी बीच 2010 में हुए हमलों में 177 सुरक्षा बल के लोग शहीद हुए। लेकिन इसके बाद एक बार फिर हालात में बदलाव हुए। नक्सलियों के हमलों में 2008 के बाद से लेकर अब तक जान गंवाने वालों शहीदों की संख्या में कमी आने लगी। 2011 में 87 शहीद हुए। इसके बाद से लेकर अब तक शहीदों के आंकड़ा इससे अधिक नहीं बढ़ा। 2011 से लेकर 2025 में अब तक नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष में हर साल शहादत की संख्या में कमी आई है।

### परिवार के साथ गया था घूमने

# सीए की पढ़ाई कर रहे छात्र की जलप्रपात में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

राजधानी रायपुर में रहकर सीए की पढ़ाई कर रहे गौरेला के 22 वर्षीय छात्र की जलप्रपात में डूबने से मौत हो गई। मामले में गौरेला पुलिस जांच में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के



अनुसार गौरेला निवासी 22 वर्षीय युवक प्रांजल नामदेव रायपुर में रहकर सीए की पढ़ाई कर रहा था। रविवार की शाम को प्रांजल अपने परिवार के सदस्यों के साथ गौरेला के पास पर्यटन स्थल माई का मड़वा घूमने के लिए गया था। यह इलाका जंगल के अंदर दुर्गम जगह पर है जहां चट्टानी रास्ते होकर एक छोटा सा जलप्रपात भी है। इस जलप्रपात में अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घूमने गए प्रांजल का पैर फिसला और वह गहरे पानी में जा गिरा। गहराई अधिक होने के और नहीं तैर पाने के कारण वह डूब गया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों की मदद से उसे पानी से निकाला गया और जिला अस्पताल ले जा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शव पीएम के लिए भेजा गया

प्रांजल नामदेव रायपुर में सीए की पढ़ाई कर रहे थे। इस हादसे के बाद परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। बहरहाल गौरेला पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जमा राशि पर मिलता है पौने सात फीसदी ब्याज

# मई के बिल में एफपीपीएएस की आफत, सुरक्षा निधि में ब्याज की राहत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मई के बिजली बिल में जहां एक तरफ अप्रैल की खपत पर 7.32 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लग रहा है, जिससे बिल ज्यादा हो गया है, वहीं इसी माह के बिल में सुरक्षा निधि पर ब्याज मिलने के कारण एक बड़ी राहत भी मिली है। ऐसे में कम खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। उपभोक्ता की जितनी सुरक्षा निधि जमा है, उस पर पौने सात फीसदी के हिसाब से ब्याज मिला है। उपभोक्ताओं को दो सौ रुपए से लेकर हजार रुपए से ज्यादा का भी ब्याज मिला है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका अप्रैल के बिल में नहीं लगा था, लेकिन अब वापस एफपीपीएएस शुल्क लिया जा रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि अब फिर से उत्पादन लागत में अंतर आ रहा है।



### कम जमा पर कम और ज्यादा पर ज्यादा ब्याज

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं से उनकी खपत के हिसाब से दो माह के बिजली बिल के हिसाब से सुरक्षा निधि ली जाती है। किसी उपभोक्ता की खपत अगर औसत चार सौ यूनिट है तो उसका एक माह का बिल करीब 22 सौ से 23 सौ रुपए होता है। ऐसे में उपभोक्ता के दो माह के बिल के बराबर करीब 45 से 46 सौ रुपए सुरक्षा निधि जमा रहती है। इसी तरह से ज्यादा खपत करने वालों की सुरक्षा निधि दस हजार से भी ज्यादा होती है। एक उपभोक्ता की खपत 450 यूनिट है, उनकी 48 सौ रुपए सुरक्षा निधि जमा है तो उनको सुरक्षा निधि पर 324 रुपए का ब्याज मिला है। इसी तरह से एक उपभोक्ता की औसत खपत 350 यूनिट है। उनकी चार हजार रुपए सुरक्षा निधि जमा है, उनको 270 रुपए ब्याज मिला है। इसी तरह से जितनी ज्यादा सुरक्षा निधि जमा है, उनको ज्यादा ब्याज मिला है। जिनकी कम निधि जमा है, उनको कम ब्याज मिला है। हर साल मई के बिल में ही सुरक्षा निधि पर ब्याज मिलता है।

### जून के बिल में टैरिफ पर शुल्क बढ़ सकता है

इस माह 7.32 फीसदी के हिसाब से टैरिफ पर शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क अप्रैल माह की खपत पर लग रहा है। आने वाले समय में जून के बिल में यह शुल्क बढ़ भी सकता है और कम भी हो सकता है।



शहर के अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर रविवार की रात अज्ञात तत्वों ने कालिख पोत दी। सोमवार की सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी हुई तो पूरा सर्व समाज भड़क उठा। चौक में भीम आर्मी सहित अन्य संगठनों के लोग सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हो गए। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया।

# अज्ञात तत्वों ने बाबा अंबेडकर की प्रतिमा पर पोती कालिख, भड़का सर्व समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

दरअसल इन दिनों जिले में धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। जिनके द्वारा अलग-अलग धर्म से जुड़े लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिससे शहर सहित पूरे जिले में तनाव का माहौल बनता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। रविवार की रात अज्ञात आरोपियों द्वारा अंबेडकर चौक में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोत दिया गया। सुबह जब लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर कालिख देखा तो यह खबर पूरे शहर सहित जिले में आग की तरह फैल गई। इसके बाद आक्रोशित भीम आर्मी, सतनामी समाज सहित सर्व के समाज के लोग अपने आप अंबेडकर चौक पहुंचने लगे। कुछ देर बाद प्रतिमा के पास



सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूषों, युवक-युवतियों की भीड़ लग गई। मौके की नजाकत को भांपते हुए सीएसपी आकाश शुक्ला, चक्रधर नगर टीआई, जूटमिल टीआई भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों का भी वहां आना हुआ। इसके बाद लोगों द्वारा प्रतिमा के सामने धूप में धरना देते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। उनके द्वारा नारेबाजी शुरू कर दी गई। भीम आर्मी का कहना था कि यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है, इसमें एक से अधिक लोग शामिल हैं। ऐसे में सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए।

### ओपी ने दिए कठोर कार्रवाई के निर्देश

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अपराधिक तत्वों द्वारा किए गए अपमानजनक कृत्य के मामले में वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी किसी भी कीमत पर नहीं बख्शे नहीं जाएंगे।

### वरना कांग्रेस उतरेगी सड़कों पर : उमेश पटेल

पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ हुई शर्मनाक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। पुलिस इस मामले में उचित कार्रवाई करने में विफल रही तो कांग्रेस आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

### शासकीय विद्यालयों में पहुंची नई सत्र की किताबें, निजी स्कूल कर रहे इंतजार


# नहीं छापी इंग्लिश माध्यम की किताबें, राह ताक रहे निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में किताब वितरण का कार्य आरंभ कर दिया गया है, लेकिन निजी स्कूलों का नंबर अब तक नहीं आया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पापुनि द्वारा अब तक इंग्लिश माध्यम की किताबें नहीं छापी जा सकी हैं। पापुनि द्वारा शासकीय व निजी दोनों ही विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को निशुल्क किताबें वितरित की जाती हैं। प्रदेश के अधिकतर निजी स्कूल इंग्लिश माध्यम हैं, जहां अंग्रेजी किताबें ही चलती हैं। ऐसे निजी स्कूलों की संख्या बहुत कम है, जहां हिंदी माध्यम में पढ़ाई होती है। चूंकि किताबें छपकर ही नहीं आई हैं, ऐसे में निजी स्कूलों को वितरण तिथि ही नहीं बताई गई है। प्रदेश के स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से होगी। इसके पूर्व निजी स्कूलों तक किताबें इस सत्र तक नहीं पहुंच सकेंगे, क्योंकि 6 दिन शेष होने पर भी वितरण शेड्यूल ही जारी नहीं किया जा सका है।

**नया सत्र प्रारंभ होने में 6 दिन शेष, निजी स्कूलों ने कहा- पढ़ानी होगी प्राइवेट पब्लिशर की किताबें**




### नहीं पढ़ा सकते पुरानी किताबें

पहली, दूसरी, तीसरी और छठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में इस बार बदलाव हुआ है। इस कारण हम पुरानी किताबें नहीं पढ़ा सकते। समय पर पापुनि ने किताबें उपलब्ध नहीं करवाई तो निजी प्रकाशकों की किताबों से अध्ययन के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

\- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी विद्यालय संघ

### इसलिए बाद में छपाई

पिछले शैक्षणिक सत्र में थोक में किताबें कबाड़ में मिली थी। इसके बाद से किताबों के वितरण और प्रकाशन के लिए भेजी जानी वाली संख्या को लेकर विवाद प्रारंभ हो गया था। शासन द्वारा इसे लेकर जांच कमेटी भी बनाई गई थी। जांच रिपोर्ट आने, नए सत्र में छपने वाली किताबों की संख्या तय करने, बार कोड सहित वितरण की नई व्यवस्था करने संबंधित चीजों में वक्त लगने के कारण पापुनि तय वक्त पर किताबें छपने के लिए नहीं भेज सका। सामान्यत: किताबें दिसंबर-जनवरी तक छपने के लिए भेज दी जाती हैं। इस बार इसमें तीन माह की देर हुई। चूंकि शासकीय विद्यालयों में हिंदी माध्यम की किताबें ही चलती हैं, इसलिए प्रकाशकों को पहले हिंदी माध्यम की किताबें छापने आदेश दिया गया। इसके बाद प्राइवेट स्कूलों के लिए इंग्लिश माध्यम की किताबें छापी जा रही हैं।

रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 23, अंक : 323 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





### अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में चल रहा प्रदर्शन हुआ हिंसक


# अमेरिका में हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने झंडे पर थूका वाहनों को फूंका, मास्क लगाने वालों की होगी गिरफ्तारी

*अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में चल रहा प्रदर्शन बीते 3 दिनों से हिंसक हो गया है। उपद्रवियों ने शहर की सड़कों को जाम कर सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी। दुकानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लूट-पाट भी की। शहर के एक चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे पर थूका और उसे जला दिया।*



एजेंसी ▶▶| लॉस एंजलिस

कई इलाकों में उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों पर पत्थर और पटाखे फेंके। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मास्क लगाए लोगों को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने कहा कि लॉस एंजिल्स पर अवैध अप्रवासियों का कब्जा है, हम शहर को जल्द मुक्त कराएंगे। आपको बता दें इससे पहले शहर में प्रदर्शनकारियों आशंका को देखते हुए नेशनल गार्ड की तैनाती कर ▶▶|शेष पेज 7 पर



**'नेशनल गार्ड' की तैनाती पर बढ़ा तनाव**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर तनाव और बढ़ गया। यहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की।

**ऐसा हाल**

- प्रदर्शन के दौरान मुंह पर मास्क लगाए उपद्रवी के हाथ पर मेक्सिको का झंडा दिखा
- प्रदर्शनकारी के हाथों में तख्ती पर अंग्रेजी में लिखा है- अरबपति असली दुश्मन है, अप्रवासी नहीं।
- उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने स्मोक कैन का इस्तेमाल किया
- कॉम्पटन में प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस की झड़प
- पुलिसकर्मियों ने उपद्रवियों को रोकने लिए रबर बुलेट फायर किए

**नया यात्रा प्रतिबंध लागू**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका यात्रा पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। इनमें अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। नए वीजा प्रतिबंध बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के नागरिकों पर लागू होंगे।

### इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्याकांड पर बड़ा खुलासा, पत्नी निकली आरोपी

# सोनम की बेवफाई, शादी के सात दिन बाद ही सुपारी, राज के लिए 'राजा' को मार डाला

*लापता पत्नी सोनम 17 दिन बाद यूपी के गाजीपुर में ढाबे पर मिलीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शिलांग/इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। राजा की हत्या करने के लिए तीन लड़कों को सुपारी दी गई थी। ये सभी लोग अब पुलिस की गिरफ्त में है। अब इस मामले को लेकर एक के बाद एक खुलासे चौंकाने वाले हैं। मेघालय पुलिस ने सोमवार को इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए कहा कि राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी सोनम खुद शामिल थी। उसने पति की हत्या करने के लिए भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई नोंगरांग ने सोमवार को बताया कि सोनम ने यूपी के गाजीपुर में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। हत्याकांड में तीन लोग गिरफ्तार किये गये हैं जिनमें दो एमपी के इंदौर जबकि एक यूपी के ललितपुर का ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सोनम को तीन दिन की रिमांड पर मेघालय पुलिस को सौंपा गया

*इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। राजा की हत्या उसी की पत्नी सोनम ने करवाई थी। वह शादी में महज 10 दिन बाद उसे हनीमून के बहाने से मेघालय ले गई और वहां किराए के गुंडों से उसकी हत्या करवा दी। मेघालय और मप्र की पुलिस ने हत्याकांड के पीछे 'लव ट्राएंगल' को जिम्मेदार बताया है। 25 साल की सोनम का 20 साल के राज कुशवाहा के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने राजा से शादी के सात दिन बाद 18 मई को कत्ल की प्लानिंग की थी।*




राज कुशवाहा | विशाल चौहान | आनंद कुर्मी | आकाश राजपूत

**ये भी आरोपी**

मेघालय पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आकाश राजपूत (19) यूपी के ललितपुर का जबकि विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) इंदौर से बताए जाते हैं। सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया है।





**प्यार, शादी और फिर बेवफाई**

राज कुशवाहा सोनम के भाई की टाइल्स डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में काम करता था। पुलिस ने बताया कि मेघालय पुलिस ने कॉल डिटेल्स को ट्रेस करते हुए आरोपी को पकड़ा, जो सोनम के साथ लगातार संपर्क में था। सोनम भी उस फैक्ट्री में जाया करती थी, जहां राज काम करता था। इसी दौरान दोनों संपर्क में आए। पहले दोस्ती और फिर यह रिश्ता प्यार में बदल गया।

**23 मई को पति-पत्नी हो गए थे लापता**

बता दें कि राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को मेघालय में सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक 'होमस्टे' से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा की लाश दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में पड़ी मिली। एक दिन बाद, चाकू मिला और दो दिन बाद एक रेनकोट सोहरारिम और उस खाई के बीच मावकमा गांव में मिला।

**पीएम रिपोर्ट में क्या?**

**करीब से वार, सिर पर आगे-पीछे घाव**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजा रघुवंशी के सिर पर दो बड़े घावों की पुष्टि हुई है। इसमें राजा के सिर पर दो अलग-अलग दिशाओं से तेजधार हथियार के वार किए जाने की बात सामने आई है। एक वार सामने से किया गया मालूम पड़ रहा है जबकि दूसरा वार पीछे से किया गया है। मेघालय एसआईटी के प्रमुख हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने सोमवार को कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतक राजा रघुवंशी के सिर पर दो चोटें आई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से सिर पर दो चोटें बताई गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट संकेत करती है कि मृतक राजा पर काफी करीब से वार किया गया था।

# दागी अफसर अब नहीं जा पाएंगे विदेश 21 दिनों में अर्जी पर होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी अफसर कर्मियों के विदेश प्रवास से संबंधित बरसों पुराने नियम और निर्देशों को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार ने अब नए नियम बनाए हैं। खास बात ये है कि अब यह अनुमति ई- एचआरएमएस प्रणाली से मिलेगी। यही नहीं, दागी अधिकारियों कर्मचारियों के आवेदन नामंजूर किए जाने का प्रावधान भी रखा गया है। जिन शासकीय सेवकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण या निलंबन की कार्रवाई हुई है, उन्हें विदेश जाने की अनुमति नहीं मिल पाएगी। इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। यह आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को भेजा गया है और निर्देश के मुताबिक अमल करने कहा गया है। यह नई प्रक्रिया इसलिए लागू की जा रही है कि शासकीय सेवकों को सरल, त्वरित और पारदर्शी तरीके से मानव संसाधन प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी विभागों, कार्यालयों में भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के द्वारा कर्मयोगी भारत के माध्यम से विकसित ई एचआरएमएस सिस्टम लागू किया गया है। इसी के तहत विदेश ▶▶|शेष पेज 7 पर



- बदल गए पुराने नियम, आदेश जारी, आपराधिक प्रकरण या निलंबन में मंजूरी

खास खबर

**20 साल पहले था ये नियम**

सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, शासकीय कार्य से किए जाने वाले विदेश प्रवास के लिए अधिकारियों,कर्मचारियों को विदेश प्रवास छानबीन समिति की अनुमति लेनी होती थी। यह समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित की जाती थी। हालांकि, निजी विदेश यात्राओं के लिए, संबंधित विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक विभाग को आवश्यक पूर्तियाँ कराकर अपने स्तर से ही अनुमति देने की कार्यवाही करने की व्यवस्था थी। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 24 अप्रैल 2005 के अनुसार, विदेश प्रशिक्षण या फैलोशिप के लिए अधिकारियों को नामांकित करने या विदेश प्रवास के लिए अनुमति देने से पहले, विभाग को विदेश प्रवास छानबीन समिति की अनुमति लेनी होती थी।

**इन अफसर कर्मियों को नहीं मिलेगी मंजूरी**

सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विदेश यात्रा के आवेदन की अस्वीकृति के संभावित कारण ये भी हो सकते हैं। यदि शासकीय सेवक द्वारा बड़ी मात्रा में नगदी एवं वित्तीय लेनदेन का प्रबंधन किया जा रहा हो। शासकीय सेवक गोपनीय, अति गोपनीय, विषयों से संबंधित मामलों पर कार्यरत हो। शासकीय सेवक के विरुद्ध गंभीर आरोप व जांच लंबित हो। शासकीय सेवक निलंबन की अवधि में होने पर, तथा आपराधिक मामले लंबित होने पर विदेश यात्रा के आवेदन नामंजूर किए जा सकते हैं।

*मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना*

# बड़ा हादसा : मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरे यात्री, चार की मौत, इधर छग में एक मौत

एजेंसी ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह घटना मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि घटना में शामिल लोग दो ट्रेन के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी।



**ट्रेन में लगेंगे स्वचालित दरवाजे**

*वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि मुंबई में सभी नयी उपनगरीय ट्रेन में स्वचालित दरवाजे की सुविधा होगी तथा मौजूदा ट्रेन में भी यह व्यवस्था की जाएगी। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।*

**चलती ट्रेन से बैग उठाने उतरा युवक आया चपेट में, मौत**

**राजनांदगांव।** शहर के ब्राम्हणपारा में रहने वाले एक युवक की ट्रेन में कटने से मौत हो गई। युवक सोमवार सुबह ट्रेन के जरिये राजनांदगांव से दुर्ग जा रहा था। इस दौरान उसका बैग मुड़ीपार रेलवे स्टेशन में गिर गया था। जिसको उठाने के लिए वह ट्रेन से उतरने लगा। इसी दौरान उसके गिरने से वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 7 पर



- श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष मिश्रा का था भतीजा

# नड्डा बोले-'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग ▶▶|शेष पेज 7 पर

*भाजपा अध्यक्ष भाजपा सरकार की 11 साल की गिनाई उपलब्धियां*



**नड्डा का ऐसा दावा**

- प्रधानमंत्री मोदी ने एक उत्तरदायी और मजबूत सरकार प्रदान की
- अनुच्छेद 370 को निरस्त किया, तीन तलाक को खत्म किया
- वक्फ संशोधन, नोटबंदी और महिला आरक्षण विधेयक जैसे उल्लेखनीय कार्य किए
- 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों की भावनाएं बदल गईं।
- अब लोग गर्व से कहते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है'

**9 जून 2024 से तीसरे कार्यकाल**

प्रधानमंत्री मोदी ने 9 जून 2024 को तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मना रही है।

**इधर, राहुल बोले- 2047 के सपने बेच रही केंद्र सरकार**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल में कोई जवाबदेही नहीं बल्कि सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, जब मोदी सरकार 11 साल की 'सेवा' का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है- ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत।

# बेंगलुरु भगदड़ : सस्पेंडेड एसीपी ने ट्रिब्यूनल का खटखटाया दरवाजा



**बेंगलुरु।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में निलंबित किये गए पांच अधिकारियों में से एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास कुमार विकास ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का रुख किया है। सूत्रों ने बताया कि विकास अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम) के पद पर तैनात थे और उन्होंने पिछले सप्ताह अधिकरण का रुख किया। सूत्रों ने बताया कि अधिकरण आगामी कुछ दिनों में इस मामले पर सुनवाई कर सकता है।




# जहाज में आग, नौसेना ने 18 का किया रेस्क्यू, चार लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरल के बेपोर तट से करीब 88 नॉटिकल माइल्स की दूरी पर सिंगापुर के झंडे वाले मालवाहक जहाज एमवी वॉन हाई-503 के एक कंटेनर में सोमवार सुबह धमाकों के साथ लगी आग पर काबू पाने के लिए भारतीय नौसेना और तटरक्षकबल ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है। घटना के वक्त जहाज पर चालक दल कुल 22 सदस्य सवार थे। जिनमें से 18 को बचा लिया गया है. जबकि 4 लोग अभी भी लापता हैं।



**मुंबई केंद्र तक पहुंची आग लगने की सूचना**

नौसेना के मुंबई केंद्र को कोच्चि के जरिए इस हादसे के बारे में जानकारी मिल गई है। उधर, तटरक्षकबल ने एक बयान में बताया कि घटना की जानकारी मिलने के साथ ही उसने राहत कार्य का आगाज कर दिया था। दोपहर लगभग 12 बजकर 40 मिनट पर जहाज में मौजूद बाकी कंटेनरों में आग फैलने की सूचना मिली और उसके साथ ही चालक दल ने लाइफ जैकेटों के जरिए जहाज को छोड़ दिया।

**युक्तियुक्तकरण**
एक ही कैंपस में संचालित होने वाले विद्यालयों को किया गया है मर्ज

### अधिकतर शासकीय विद्यालयों में माध्यमिक तक कक्षाएं

# बदले जाएंगे स्कूलों के नाम, 'प्राथमिक शाला' का नाम बन जाएगा इतिहास!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय विद्यालयों के नाम के साथ जुड़ने वाला ' प्राथमिक शाला' शब्द अब जल्द ही इतिहास बन जाएगा। यह नाम अब सुनाई भी देगा तो चुनिंदा स्थानों पर ही। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत एक ही कैंपस में संचालित होने वाले शासकीय विद्यालयों को आपस में मर्ज किया गया है। उदाहरणस्वरूप, ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





**यूडायस कोड भी बड़ी कक्षाओं का**

विद्यालयों को मर्ज किए जाने के बाद उनका यूडायस कोड भी एक ही हो जाएगा। यदि किसी कैंपस में प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल-हायरसेकंडरी स्कूलों का संचालन हो रहा है और उन्हें आपस में मर्ज किया गया है तो हायरसेकंडरी स्कूल के डायस कोड को ▶▶|शेष पेज 7 पर

**अंकसूची में भी नया नाम**

ना केवल विद्यालय की नाम पट्टिका बल्कि विद्यार्थियों की अंकसूची से लेकर समस्त शासकीय दस्तावेजों में भी नाम परिवर्तन होगा। वर्तमान में स्कूलों के समक्ष लगी नाम पट्टिका में पुराने नाम ▶▶|शेष पेज 7 पर

# भारत का सबसे लंबा पुल, एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचना होगा आसान



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अब एक ऐसा पुल बन रहा है, जो देश का सबसे लंबा पुल कहलाएगा। इसका नाम है धुबरी-फुलबारी ब्रिज। यह पुल भारत के दो राज्यों असम और मेघालय को आपस में जोड़ेगा। यह पुल ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर बनाया जा रहा है, जो भारत की सबसे बड़ी और शक्तिशाली नदियों में से एक मानी जाती है। पुल बनने के बाद धुबरी यानी असम से फुलबारी यानी मेघालय तक का सफर बेहद आसान और तेज हो जाएगा। तो आज की इस खबर में हम आपको इससे जुड़ी और जानकारी के बारे में बताने जा रहे हैं।



## 19 किमी होगी पुल की लंबाई

धुबरी-फुलबारी पुल की कुल लंबाई करीब 19 किलोमीटर होगी। यह भारत का सबसे लंबा नदी पर बना पुल होगा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बिहार में बने भूपेन हजारिका पुल के पास था, जिसकी लंबाई लगभग 9.15 किलोमीटर है। लेकिन अब यह नया पुल उसे भी पीछे छोड़ देगा। इस पुल के बनने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। अभी तक इस इलाके के लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए या तो नाव का सहारा लेना पड़ता था या फिर करीब 200 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। इससे बहुत समय और पैसा खर्च होता था। पुल बनने के बाद यह दूरी बहुत कम हो जाएगी और लोग आसानी से कुछ ही समय में यात्रा पूरी कर सकेंगे।

## व्यापार के लिए जरूरी रहेगा पुल

यह पुल न सिर्फ आम यात्रियों के लिए मददगार होगा, बल्कि सेना और व्यापार के लिए भी बहुत अहम होगा। यह पुल भारत-चीन और भारत-बांग्लादेश जैसी सीमाओं के नजदीक है। इसलिए सेना की गाड़ियों और जवानों को सीमा तक पहुंचने में बहुत सुविधा मिलेगी। साथ ही इस इलाके में व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि सामान लाने और ले जाने का रास्ता छोटा और आसान हो जाएगा। जब सड़कें और पुल अच्छे होते हैं तो लोगों की आवाजाही भी शुरू हो जाती है। इससे आस-पास के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं और इलाके का आर्थिक विकास हो सकता है।

## दो राज्यों के लोगों के सहयोग भी होंगे मजबूत

धुबरी-फुलबारी पुल का काम भी तेजी से चल रहा है और सरकार का लक्ष्य है कि यह पुल साल 2026 तक पूरी तरह बनकर तैयार हो जाए। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का खर्च आने की उम्मीद है। इस पुल के निर्माण में जापान सरकार भी तकनीकी सहायता दे रही है। बता दें कि यह पुल सिर्फ एक इंजीनियरिंग का चमत्कार नहीं होगा, बल्कि यह असम और मेघालय के लाखों लोगों की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव लाएगा। पुल बनने के बाद न सिर्फ सफर आसान होगा, बल्कि दो राज्यों के बीच संबंध और सहयोग भी मजबूत होंगे।

## रोचक खबरें



## 9 हजार फीट से जमीन पर गिरा शख्स फिर भी चमत्कार से बच गया जिंदा

**लंदन।** दुनियाभर में आए दिन हवाई जहाज, हेलिकॉप्टर आदि से जुड़े कई ऐसे हादसे होते हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। ऐसे हादसों में ज्यादातर लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन, कुछ लोग यमराज को भी चकमा दे देते हैं, मानो वो यमराज से बाद में मिलने का समय मांगकर आ जाते हैं। ऐसा ही एक भयानक हादसा 57 साल के रिटायर्ड-टेररिज्म पुलिस अधिकारी स्टीव बार्नेट के साथ हुआ, जब वो 9 हजार फीट की ऊंचाई से सीधे जमीन पर गिरने लगे. उन्होंने अपने इस दिल दहला देने वाले अनुभव को शेयर किया, जिसके बारे में जानकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. लेकिन एक चमत्कार ने उन्हें जिंदा बचा लिया। स्टीव बार्नेट ने बताया कि एक दिन जब वो 9 हजार फीट की ऊंचाई से पैराग्लाइडिंग कर रहे थे, तभी उनका पैराग्लाइडर फ्रेंच आल्प्स में एक तूफानी बादल में फंस गया। बारिश की वजह से उनका ग्लाइडर भीग गया, जिसके बाद वह नीचे गिरने लगे. लेकिन इसी बीच 30 फीट ऊंचे पेड़ आ गए, जिसपर फंसते हुए नीचे गिरने के कारण वो जिंदा बच गए। ये किसी चमत्कार से कम नहीं था। इस दुर्घटना में उनकी पेल्विस की हड्डी टूट गई, लेकिन उनकी जान बच गई।

## हर साल 20 फुट लंबी पेंसिल को नुकीली बनाने की रस्म, दिलचस्प है पीछे की कहानी

**न्यूयार्क।** दुनिया में कई जगह अनोखी रस्में होती हैं। कुछ अंधविश्वास की वजह से होते हैं। अधिकांश अजीबो गरीब रस्में धर्म के लिए होती हैं। वे धर्म की पहचान का एक गहरे प्रती का रूप भी ले लेती हैं। पर कुछ रस्में केवल किसी संयोग की वजह से पनप जाती हैं और वह रस्म अदा करना एक समुदाय के लिए उत्सव मनाने या एक दूसरे के साथ आकर मिलने जुलने का जरिया बन जाता है। अमेरिका में हाल ही में एक ऐसी ही रस्म की चर्चा है। मिनियापोलिस के एक खूबसूरत मोहल्ले में लोग हर साल एक अनोखी रस्म के लिए इकट्ठा होते हैं। वे एक 20 फुट ऊंची पेंसिल को शार्प करते हैं। हाल ही में यह रस्म उत्सव के साथ अदा की गई। यह पेंसिल किसी समुदाय के संपत्ति में नहीं बल्कि एक दंपती, जॉन और एमी हिगिंस के घर पर खड़ी है। इसे एक विशाल ओक पेड़ से बनाया गया था। कुछ साल पहले एक तूफान ने इस पेड़ का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिया था। पड़ोसी दुखी हुए। कुछ लोग तो रो तक पड़े। लेकिन, हिगिंस दंपति ने इसे नुकसान नहीं माना। उन्होंने पेड़ को नया जीवन देने का फैसला किया। इस पेंसिल को शार्प करने की रस्म अब एक बड़ा समुदायिक उत्सव बन चुकी है। यह रस्म लेक ऑफ द आइल्स के हरे-भरे इलाके में होती है। सैकड़ों लोग इसमें शामिल होते हैं। संगीत और रंगारंग कार्यक्रम होते हैं। कुछ लोग पेंसिल या इरेज़र की तरह कपड़े पहनकर आते हैं। इस साल दो स्विस अल्फहॉर्न वादकों ने मनोरंजन किया। मेजबानों ने मिनियापोलिस के मशहूर संगीतकार प्रिंस की याद में बैंगनी पेंसिल बांटी। यह प्रिंस का 67वां जन्मदिन होता।



## मौत के बाद जिंदगी के सफर पर निकले 500 से ज्यादा लोग

**लंदन।** हर इंसान अपनी-अपनी उम्र की सीमा पूरी करने के बाद मर जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि विदेशों में लोग अपने मृत शरीर को इस कारण से फ्रिज करवा रहे हैं। क्योंकि, उनका मानना है कि भविष्य में कोई ऐसी तकनीक आएगी जिससे वह फिर से जिंदा हो सकेंगे। विज्ञान आज तक इतना आगे नहीं बढ़ पाया है, जिससे मरे हुए लोगों को जिंदा किया जा सके। इसके लिए शवों को लंबे वक्त तक फ्रीज करना पड़ेगा और इस तकनीक का नाम है क्रायोनिक्स। वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि मर चुके लोग दरअसल सिर्फ बेहोश हुए हैं और भविष्य में कोई ऐसी तकनीक आ सकती है, जिससे इन लोगों को दोबारा से जिंदा किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया में क्रायोनिक्स तकनीक के जरिए इंसान के मृत शरीर को लंबे वक्त तक फ्रीज करना पड़ेगा। अब पूरी दुनिया भर से 500 से भी अधिक लोग क्रायोनिक्स के जरिए अपने प्रियजनों के शवों को फ्रीज करवाया है। इसका प्रभाव रूस और अमेरिका में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। एक ऑस्ट्रेलियाई कंपनी ने दावा किया था कि वह मृत लोगों के शरीर को -200 डिग्री सेल्सियस पर सुरक्षित रखेगी। अगर भविष्य में ऐसी तकनीक आई कि मृत इंसान को दोबारा जिंदा किया जा सके तो इन इंसानों को जिंदा किया जाएगा। हालांकि, इसपर अमरिकी वैज्ञानिक डॉ. आर. गिब्सन ने ऐसा साफ कहा है कि फिलहाल तो कोई ऐसी तकनीक नहीं बनी है।



# दुनिया के सबसे तेजी से धंसते शहरों में भारत के ये 5 शहर भी हैं शामिल

वॉशिंगटन। जैसा कि आप जानते हैं कि दुनिया के कई बड़े शहर अब धीरे-धीरे जमीन में धंसते जा रहे हैं। भारत के भी कई शहर इस खतरे का सामना कर रहे हैं। जमीन धंसने की सबसे बड़ी वजह जमीन के नीचे से ज्यादा पानी निकालना और जलवायु परिवर्तन है। इससे बाढ़ और भूकंप का खतरा भी बढ़ गया है। साल 2014 से 2020 के बीच कोलकाता में हर साल जमीन 0.01 से लेकर 2.8 सेंटीमीटर तक नीचे गई है। सबसे ज्यादा धंसाव भाटपारा में देखा गया, जहां यह 2.6 सेंटीमीटर प्रति साल है। कोलकाता में करीब 90 लाख लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां अब बाढ़ और भूकंप का खतरा बढ़ गया है। नासा कहा कहना है कि 2024 में समुद्र के पानी का लेवल भी 0.59 सेंटीमीटर बढ़ गया है। हाल ही में, नासा ने चेतावनी भी दी है कि समुद्र का जल स्तर बढ़ने से यह खतरा मंडरा सकता है।

## मुंबई : समुद्र के किनारे बसा शहर खतरे में



नासा का कहना है कि 2100 तक मुंबई 1.90 फीट तक डूब सकता है। इसकी वजह है, समुद्र का बढ़ता जलस्तर और जमीन के नीचे से पानी निकालना। मुंबई में पहले से ही बाढ़ की समस्या रहती है और अब यह और बढ़ सकती है। सूरत भी उन शहरों में है जो तेजी से डूब रहे हैं। एनटीयू की रिपोर्ट में कहा गया है कि जमीन के पानी का ज्यादा उपयोग और जलवायु परिवर्तन इसके पीछे बड़ी वजहें हैं। सूरत एक बड़ा इंडस्ट्रियल शहर है। इसलिए इसके डूबने से भारी नुकसान हो सकता है।

## चेन्नई : जमीन के नीचे से ज्यादा पानी निकालने का असर

चेन्नई में भी जमीन तेजी से नीचे जा रही है। हर साल 0.01 से 3.7 सेंटीमीटर तक। थरमनी इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां 14 लाख लोग रहते हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या जमीन के नीचे से जरूरत से ज्यादा पानी निकालना है, जिससे जमीन कमजोर हो गई है। अहमदाबाद में 2014 से 2020 के बीच हर साल जमीन 0.01 से 5.1 सेंटीमीटर तक नीचे गई है। पिपलाज में सबसे ज्यादा 4.2 सेंटीमीटर धंसाव हुआ है। यहां 51 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। भूजल यानी जमीन के नीचे का पानी ज्यादा निकालने और समुद्र के जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।



## यह है दुनिया का सबसे तेजी से डूबता शहर

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता का आधा हिस्सा पहले ही समुद्र तल से नीचे चला गया है। 1970 से अब तक कुछ इलाकों में जमीन 4 मीटर तक नीचे जा चुकी है। लोग बार-बार आने वाली बाढ़ से परेशान हैं। बीबीसी और एनटीयू की रिपोर्टों के अनुसार ज्यादातर शहरों में जमीन धंसने की सबसे बड़ी वजह भूजल का जरूरत से ज्यादा दोहन यानी जमीन के नीचे से जरूरत से ज्यादा पानी निकालना है। कोलकाता, चेन्नई और अहमदाबाद जैसे शहरों में यही कारण सामने आया है। दुनिया भर में ऐसे 48 शहर हैं, जहां कुल 16 करोड़ लोग रहते हैं और ये खतरे में हैं। जलवायु परिवर्तन और ज्यादा बारिश ने स्थिति और बिगाड़ दी है।

## बचाव के उपाय क्या हैं?

कुछ शहरों ने बाढ़ से बचने के लिए बांध और दीवारें बनाई हैं । जैसे जकार्ता, अलेक्जेंड्रिया और हो ची मिन्ह सिटी। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इससे 'बाउल इफेक्ट' हो सकता है। यानी बारिश का पानी बाहर निकलने की जगह वहीं फंस जाता है और बाढ़ का खतरा और बढ़ जाता है। अगर हम अब भी नहीं जागे तो करोड़ों लोगों का जीवन और करोड़ों रुपये की संपत्ति खतरे में पड़ सकती है। जरूरत है सख्त कानूनों और जिम्मेदार जल प्रबंधन की है। ताकि हम आने वाले समय में इस बड़े संकट से बच सकें।

# नदी के पास मिला महिला का 1200 साल पुराना कंकाल, पता चली जुल्मों की कहानी!

लंदन। इतिहास के उस पहलू के बारे में पता करना बहुत ही मुश्किल होता है जिसके बारे में लिखा ना गया हो। ऐसे में पुरातत्वविदों को खुदाई में मिलने वाले सबूतों से भी काफी कुछ पता चल सकता है और वह प्रमाणिक भी होता है। क्योंकि, पुराने लिखित दस्तावेज़ों का सच साबित करना भी आसान नहीं होता है। ब्रिटेन की थेम्स नदी के किनारे हाल ही में 1200 साल पुरानी महिला का कंकाल मिला है, जिसने उसके दौर के कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए है। इसे पता चला है कि उस दौर का लंदन आज के लंदन से कितना अलग था। इससे एक चौंकाने वाला यह भी खुलासा हुआ है कि मध्य काल में ब्रिटेन में किसी तरह की वहशी तरीकों से सजाएं देने का चलन था।



## कब का था कंकाल?

करीब 600 से 800 ईस्वी बीच का लंदन, लंदनविक के नाम से जाना जाता था। तब यह इलाका आज के कोवेंट गार्डन के इलाके के नीचे था, जब लकड़ी की तंग गलियां देखने को मिलती हैं। उस समय आबादी भी केवल 9 हजार लोगों की हुआ करती थी। बताया जा रहा है कि यह कंकाल 680 से 810 ईस्वी के बीच का था।

## बीच सड़क पर फांसी

विशेषज्ञ बताते हैं कि उस दौर में कानून तोड़ने वालों को बीच सड़क पर फांसी पर लटका दिया जाता था और उनके शरीर के वहीं सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता था, जिससे दूसरे लोगों को कड़ी चेतावनी मिल सके। इस महिला के कंकाल को लंदन के म्यूजियम में यूपीटी90 एसके 1278 नाम से रखा गया है। मौत के समय उसकी उम्र 28 से 40 साल की रही होगी।

## यूं ही छोड़ दिया गया था सड़क पर

इसका अध्ययन करने वाले एक्सपर्ट्स ने बताया कि उसे दफनाया नहीं गया था, बल्कि लंबी पत्तियों की चटाई और पेड़ की छालों की चादर के बीच में रख दिया गया था। इस महिला को पहले 1991 में हासिल किया गया था। तब उस समय ज्यादा पता नहीं चल सका था। लेकिन, उसके गहन अध्ययन से पता चला कि उसके शरीर को एक चेतावनी के तौर पर ही यूं ही लंबे समय तक खुला छोड़ दिया होगा।

## फांसी से पहले बुरी तरह से पिटाई

इसका अध्ययन कर रही डॉ. मेडलाइन मैन्ट ने बताया है कि उसके हड्डियों के अध्ययन से पता चला है कि उसे फांसी पर लटकाया गया था, लेकिन क्यों इसकी जानकारी मिलना असंभव है। लेकिन, इसकी कुछ जानकारी उस दौर के कानून के बारे में जानने से जरूर मिल सकती है। हां, यह तय है कि मौत से दो हफ्ते पहले ही उसे बहुत बुरी तरह से पीटा गया था।

## दुनिया की सबसे बदनसीब मां! पैदा होते ही खा जाते हैं बच्चे



**नई दिल्ली।** प्रकृति अपने आप में एक अनोखा रहस्य है। जहां एक ओर मां को ममता और प्यार की मूरत माना जाता है, वहीं प्रकृति के कुछ नियम इतने क्रूर और चौंकाने वाले हैं कि सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ऐसा ही एक नियम है मादा कनखजूरा (सेन्टीपीड) का अपने बच्चों के लिए बलिदान. यह मादा अपने बच्चों को जन्म देने के बाद उनका पहला भोजन बन जाती है। जी हां, आपने सही पढ़ा! मादा कनखजूरा के बच्चे पैदा होते ही अपनी मां को खा जाते हैं। कनखजूरा, जिसे अंग्रेजी में सेन्टीपीड कहा जाता है, एक विशेष प्रकार का कीड़ा है जो अपने शिकारी स्वभाव के लिए जाना जाता है। इस कीड़े के कई पैर होते हैं, जिसकी वजह से ये देखने में काफी डरावना लगता है। लेकिन, इसकी सबसे चौंकाने वाली विशेषता है इसका मातृत्व। मादा कनखजूरा अपने अंडों को एक रेशमी थैली में अपनी पीठ पर लेकर घूमती है। यह थैली उसकी जान से भी ज्यादा कीमती होती है। वह इसे हर खतरे से बचाती है, भले ही उसे भूखा रहना पड़े। जब अंडों से बच्चे निकलते हैं, तो वे मां की पीठ पर ही रहते हैं, जब तक कि वे खुद शिकार करने के काबिल नहीं हो जाते। लेकिन, इसके बाद जो होता है, वह प्रकृति का सबसे क्रूर और हैरान करने वाला नियम है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मातृभक्षण नामक यह व्यवहार मादा कनखजूरा में देखा जाता है। पैदा होने के बाद बच्चे अपनी मां को खाना शुरू कर देते हैं। यह कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रकृति का एक सुनियोजित नियम है।

# इस देश में 100 साल से हो रही है मछलियों की बारिश

एजेंसी ▸▸ टेगुसिगलपा

आसमान से आपने पानी, बर्फ और ओले गिरते तो देखा और सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी मछलियों की बारिश देखी है? आपके मन में सवाल खड़ा रहा होगा कि ऐसा कैसे हो सकता है? लेकिन दुनिया में एक ऐसी जगह है, जहां पर हर साल मछलियों की बारिश होती है। यहां बीते 100 सालों से यह अजीबोगरीब घटना हो रही है। इस देश का नाम है होंडुरास, जो मैक्सिको के पास स्थित है। यहां दो या तीन सालों से नहीं बल्कि 100 सालों से भी ज्यादा समय से मछलियों की बारिश हो रही है। कभी-कभी साल में एक बार तो कभी दो बार ऐसा होता है। यह अजीबोगरीब घटना बसंत ऋतु के अंत में या गर्मियों की शुरुआत में होती है।



## बाल्टी और टोकरी लेकर निकलते हैं सड़क से मछली उठाने

कहा जाता है कि मछलियों की बारिश होने से पहले यहां मूसलधार बारिश होती है और इतनी तेज बिजली कड़कती है कि कोई भी घर से बाहर जाने की हिम्मत नहीं करता है। जब बारिश रुक जाती है और मौसम साफ हो जाता है तो लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी और टोकरी लेकर निकलते हैं और सड़कों पर पड़ी हजारों-लाखों मछलियों को उठाकर ले जाते हैं। यही वो समय होता है, जब लोगों को बिना किसी मेहनत के सीफूड (समुद्री खाना) खाने का मिलता है।

## भगवान का चमत्कार मानते हैं लोग

दरअसल, होंडूरास से अटलांटिक सागर की दूरी महज 200 किलोमीटर है। वैज्ञानिक मछलियों की बारिश का कारण अटलांटिक सागर को बताते हैं, लेकिन यहां रहने वाले लोगों का कुछ और ही मानना है। वो इसे भगवान का चमत्कार मानते हैं। होंडूरास के लोग मछलियों की इस बारिश के पीछे ये तर्क देते हैं कि 19वीं शताब्दी में यहां के लोगों की आर्थिक हालत बेहद खराब थी, जिसकी वजह से लोग भूखे मर रहे थे। ये सब वहां रह रहे एक स्पेनिश पादरी से देखा नहीं गया। इसलिए उन्होंने तीन दिन और तीन रात तक लगातार प्रार्थना की और भगवान से कहा कि वो यहां के गरीब लोगों के लिए चमत्कार दिखाएं और उनके खाने का इंतजाम करें। कहा जाता है कि पादरी की प्रार्थना की वजह से होंडूरास में अंधेरा छा गया और उसके बाद आसमान से मछलियों की बारिश हुई। तब से यह चमत्कार यहां हर साल हो रहा है।

## चारधाम यात्रा में 40 दिन में 4 हेलीकॉप्टर हादसे, 6 की मौत



### कब पूरी होगी जांच उठ रहे बड़े सवाल

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चार धाम यात्रा चल रही है। इस बीच हेलीकॉप्टर सेवा का भी जमकर प्रयोग हो रहा है। लेकिन 40 दिन के भीतर ही चार हादसे हो गए हैं। उत्तरकाशीके गंगनानी में हुए हादसे में पांच लोगों ने जान गंवाई। सबसे ज्यादा केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की डिमांड है। बीते 40 दिनों में अब केदारनाथ में दो, उत्तरकाशी में गंगोत्री जाते एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना और बदरीनाथ के पास उड़ान भरते समय एक हेलिकॉप्टर अनियंत्रित होने की घटना हो चुकी है। आठ मई को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में हेलिकॉप्टर हादसे में पायलट समेत छह लोगों की मौत हुई थी, जबकि अन्य घटना में हेलिकॉप्टर सवार सुरक्षित रहे। बीते दिनों केदारनाथ में हुए दो हादसों में एक हेलीकॉप्टर उड़ान भरते ही सीधे सड़क पर पहुंच गया। बड़ा हादसा टल गया। ऐसे ही केदारनाथ आ रहा एम्स का हेली एम्बुलेंस का भी पिछला हिस्सा टूट गया और बड़ा हादसा टल गया।

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे तीन अत्याधुनिक आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट

*बहुत ऊंचाई से रखेगा दुश्मनों पर नजर*

# दुश्मनों के हर मूवमेंट पर होगी 'नजर' मिलेगी ठिकानों की सटीक जानकारी

*आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी होंगे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को जल्द ही तीन अत्याधुनिक आई-स्टार जासूसी विमान (स्पाय एयरक्राफ्ट) मिलने जा रहे हैं। इस परियोजना की लागत 10,000 करोड़ रुपए की है। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय जून के चौथे हफ्ते में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी के लिए रखेगा। स्पाय एयरक्राफ्ट मिलने के बाद भारत अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह तकनीक है।

आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी होंगे। अत्याधुनिक आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट के अंदर डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोन सिस्टम (सीएबीएस) की ओर से विकसित स्वदेशी सिस्टम लगाए जाएंगे।




**आई-स्टार का काम**

*आई-स्टार का पूरा नाम इंटेलिजेंस, सर्विलांस, टारगेट एक्विजिशन एंड रिकॉनिसेंस है। इस विमान के निर्माण का उद्देश्य खुफिया जानकारी जुटाना, निगरानी करना, टारगेट तय करना और दुश्मन की जानकारी हासिल करना। यह सिस्टम हवाई निगरानी के जरिए जमीन पर हो रही गतिविधियों की लाइव और सटीक जानकारी देता है।*

**युद्ध क्षेत्र में बिना घुसे**

### मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी

*आई-स्टार विमान बहुत अधिक ऊंचाई से विमान ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, लक्ष्य पहचानने और उन पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। साथ ही ये स्टैंड-ऑफ रेंज से ऑपरेट होंगे यानी सीधे युद्ध क्षेत्र में घुसे बिना ही दुश्मन की हर गतिविधि को स्कैन करेंगे। ये दिन और रात में किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होंगे। सिस्टम हवाई और जमीनी दोनों हिस्सों में काम करेगा, ताकि जमीनी सैन्य टुकड़ियों को रियल टाइम खुफिया जानकारी मिलती रहे। इसमें मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी जिससे आतंकी, घुसपैठिए और छिपे हुए दुश्मन भी पकड़ में आएंगे। इससे भारतीय सेना की सुरक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ाएगा। इससे देश को समय पर खतरों की पहचान करने और उन पर जवाबी कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी।*

**डीआरडीओ ने तैयार किया है प्रोजेक्ट**

*इस प्रोजेक्ट को डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) के सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) द्वारा विकसित किया गया है। विमान तो विदेशी कंपनियों से जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन उनके भीतर लगाए जाने वाले सारे निगरानी उपकरण स्वदेशी होंगे। डीआरडीओ ने ये तकनीक पहले से ही विकसित और टेस्ट कर ली है। बस अब इन्हें इन विमानों में फिट करना बाकी है।*

## हथकड़ी लगाई, जमीन पर गिराया, अमेरिका में भारतीय छात्र के साथ फिर ज्यादती

### भारतीय उद्यमी ने शेयर किया वीडियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के नेवार्क एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र के साथ दुर्व्यहवार किए जाने का मामला सामने आया है। अमेरिकी अधिकारियों ने छात्र को निर्वासित करने से पहले हथकड़ी लगाकर उसे फर्श पर उल्टा गिराया और घुटनों से उसकी गर्दन को दबाया।

पुलिस अफसरों का भारतीय छात्र के साथ किसी क्रूर अपराधी जैसा बर्ताव करते हुए उसे निर्वासित किए जाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो पर हजारों लोगों ने सोशल मीडिया पर कमेंट किए हैं। कई सोशल यूजर्स ने भारत सरकार से ऐसे मामलों पर ध्यान देने की अपील की है। भारतीय-अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन ने छात्र के साथ खराब बर्ताव का ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने भारतीय दूतावास से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

■ गाजावासियों के लिए ला रही थीं मानवीय सहायता

## इजराइल ने किया जहाज जब्त, थनबर्ग गिरफ्तार



**यरुशलम।** इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को जब्त कर लिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य जलवायु कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये कार्यकर्ता गाजा पट्टी में जारी इजराइल के सैन्य अभियान का विरोध करने वाले थे क्योंकि मानवीय सहायता के प्रवेश पर इजराइल के प्रतिबंधों के कारण लगभग 20 लाख फलस्तीनियों की आबादी वाले क्षेत्र में अकाल का खतरा पैदा हो गया है। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइल की नाकाबंदी तथा युद्ध के दौरान उसके आचरण का विरोध करने का आयोजन किया था।

**11 जून को स्पेस सेंटर जाएंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री** — जानिए क्या और कैसा खाना खाते हैं एस्ट्रोनॉट

## अंतरिक्ष में शुभांशु खाएंगे मां के हाथ का बना मूंगदाल का हलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अभारत के करोड़ों लोगों को 11 जून का बेसब्री से इंतजार है, जब पायलट शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरेंगे। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन पर अंतरिक्ष में कदम रखेंगे। कई सालों से इस मिशन को लेकर खास तैयारियां की जा रही थीं। ´तरिक्ष यात्रा पर जाने से पहले यात्रियों को कई ट्रेनिंग दी जाती हैं। हमे और आपको भले ही अंतरिक्ष में जाना रोमांचित करता हो, लेकिन वहां रहना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। जीरो ग्रैविटी में खुद को फिट रखना भी चुनौती है। खाने-पीने से लेकर नहाने, टॉयलेट जाने और सोने तक के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खास तरह का खाना तैयार किया जाता है। जिसमें यात्रियों की सेहत और स्वाद दोनों का ख्याल रखा जाता है।

**यह खाएंगे अंतरिक्ष में**

इसरो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक शुभांशु अंतरिक्ष में भारतीय खाने का स्वाद ले सकेंगे। उनके लिए पसंदीदा खाना तैयार किया गया है। जिसमें उनकी मां के हाथ का बना मूंग दाल का हलवा और आमरस भी शामिल है। इसरो और डीआरडीओ ने इस खाने में कई विकल्प रखे हैं। इसरो ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर के डायरेक्टर डी के सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष में शुभांशु को घर जैसा खाना दिया जाएगा। इसके अलावा उनके पास नासा की फूड लिस्ट भी होगी जिसमें कई तरह के इंटरनेशनल फूड शामिल होते हैं। पहले ये खाना मिशन गगनयान के लिए तैयार किया गया था जिसे नासा से मंजूरी मिलने के बाद अब शुभांशु शुक्ला को दिया जाएगा।

## आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर कर सकेगा बात

### कोर्ट ने दी सशर्त अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। इस पर उनका रुख स्पष्ट किया गया हो।

## सिंगापुर : दो भारतीय महिलाएं गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया। टर्मिनल तीन के प्रस्थान पारगमन क्षेत्र में संदिग्ध चोरी के मामले में पुलिस को सतर्क किया गया था।

भारत सरकार
राष्ट्र प्रथम
निर्णायक, निर्भीक, सक्षम भारत



भारत में बना एयरक्राफ्ट कैरियर **आईएनएस विक्रांत**

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** (CDS) के **पद का गठन** करने का ऐतिहासिक निर्णय

आर्म्ड फोर्सेज की दशकों पुरानी **वन रैंक वन पेंशन** की मांग हुई पूरी




**ब्रह्मोस मिसाइल** की वैश्विक स्तर पर मांग - **फिलीपींस** को हुआ निर्यात

भारत के रक्षा निर्यात में **33 गुना वृद्धि**

पूंजीगत रक्षा खरीद का **75% बजट** केवल स्वदेशी उत्पादों के लिए तय

**5,000 से ज्यादा उत्पाद** रक्षा आत्मनिर्भरता सूची में शामिल हुए


iDEX स्टार्टअप्स और छोटे उद्यमों से **₹2,400+ करोड़** मूल्य की **43 वस्तुओं** की खरीद



वायुसेना में शामिल हुआ लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर **'प्रचंड'** जो **5,000 मीटर** की ऊंचाई पर भार के साथ टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकने में सक्षम **दुनिया का इकलौता अटैक हेलिकॉप्टर** है

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड को अधिक प्रभावी बनाने के लिए **7 रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों** (PSUs) में बदला गया

CBC 44101/13/0007/2526



**ऑपरेशन सिंदूर** में दिखा हमारे आर्म्ड फोर्सेज का पराक्रम; दुश्मन के घर में घुसकर सिर्फ **22 मिनट** में किए **9 आतंकी ठिकाने तबाह**

विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के
11 साल



## चिंतन

# आतंकवाद पर एक्शन के बिना सिंधु जल संधि पर बात नहीं

आतंकवाद पर भारत का स्पष्ट संदेश है कि जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगा। पाकिस्तान को अब तक समझ जाना चाहिए कि वह जब तक आतंकवाद के खिलाफ संतोषप्रद कार्रवाई नहीं करता है, तब तक वह भारत से कोई अपेक्षा नहीं करे। पहलगाम में नृशंस आतंकी घटना के बाद भारत ने आतंकवादियों, आतंकी गुटों व दहशतगर्द की साजिश रचने वालों के खिलाफ कई कदम उठाए। कश्मीर स्थित आतंकी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, इससे साफ हो गया था कि पहलगाम आतंकी हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। उसके बाद भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के ट्रेड बंद किए, सीमा को बंद किया, पाक नागरिकों को वापस भेजा, उच्चायोग से कर्मियों की संख्या में कटौती की और सिधु जल समझौते को निलंबित किया। ऑपरेशन सिंदूर लांच करके भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए। अभी दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनी है, लेकिन भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित ही रखा है। भारत ने पाकिस्तान को साफ बता दिया है कि भारत सिंधु जल संधि पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नई दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है। अभी भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। मुखर्जी ने आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान को इस फैसले से अवगत कराया था। सिंधु जल संधि के मुताबिक, भारत से पाकिस्तान को सिंधु, झेलम व चिनाब नदियों के 80 फीसदी जल पहुंच रहे थे, भारत केवल 20 फीसदी ही अपने पास रख रहा था। इस समझौते के स्थगित होने से अब भारत बाध्य नहीं है। इन तीन नदियों के जल से न केवल पाकिस्तान के लोगों की प्यास बुझती है, बल्कि बड़े हिस्से में सिंचाई भी होती है। पूर्व में भारत और पाकिस्तान के संबंध कई बार खराब हुए, लेकिन भारत ने कभी जल प्रबंधित नहीं किया। इस बार पाकिस्तान के आतंकी गुटों ने मानवता की सारी हदें पार कर दी। भारत लंबे समय से आतंकी गुटों के खात्मे के लिए पाकिस्तान से कह रहा है, भारत में अनेक आतंकी हमले में पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट के हाथ रहे हैं, भारत ने डोजियर के जरिये इसके सबूत भी दिए हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी जमीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए तैयार नहीं दिख रहा है। अब भारत ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान पहले अपने यहां से आतंकवाद का सफाया करे, भारत को आश्वस्त करे कि उसकी एस्टाब्लिसमेंट (फौज और आईएसआई) सीमा पार से कोई भी आतंकी हरकत नहीं करेगी, इसके बाद ही जल समझौते के निलंबन को हटाने पर विचार होगा। पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है, भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, ऑपरेशन सिंदूर भी जारी है।



दो टूक
सुरेश पचौरी

# आतंकवाद के खात्मे को केंद्र प्रतिबद्ध

ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी है। इस कामयाबी का पूरा श्रेय भारतीय सेना को जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं। इन सारे सवालों के उत्तर उचित फोरम पर दिए जा चुके हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीडीएस एवं तीनों सेना के अध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें की, रणनीति बनाई, लक्ष्य निर्धारित किया और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। 7-8 मई की रात को भारत की सेना ने पाकिस्तान में लगभग 100 किलोमीटर घुसकर लक्षित हमला किया, जिसमें आतंकियों के नौ ठिकानों, उनके प्रशिक्षण शिविरों तथा पाक एयरबेस सिस्टम को तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने राफेल जेट, एससीएएलनी मिसाइलों तथा हैमर बमों का उपयोग करके केवल 22 मिनट में मिशन पूरा किया। वस्तुतः पहली बार किसी देश ने परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र के हवाई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। यह सामान्य साहस की बात नहीं है। दूसरी ओर आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के अनेक नेताओं, उच्च अधिकारियों तथा पाक सेना प्रमुख के शामिल होने से फिर इसकी पुष्टि हो गई कि आतंकवादियों के पाक सेना से बहुत गहरे संबंध है।

यह भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का नतीजा है कि महज 3-4 दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और युद्ध रोकने की गुहार करने लगा। भारतीय सेना से गहरी मार खाने के बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से 10 मई 2025 को निवेदन किया और अंततः भारत ने अपनी जबावी कार्यवाही को स्थगित कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कतर देश की यात्रा के दौरान स्वयं कहा है कि मैं यह नहीं कहता कि मैंने मध्यस्थता की है। ट्रंप के कथन को लेकर भारत के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सेनाध्यक्षों ने जो सही वस्तुस्थिति बताई है, भरोसा उस पर ही किया जाना चाहिए। सीडीएस अनिल चौहान ने स्वयं कहा है कि इस युद्ध में भारत की एकतरफा जीत हुई है। सेना के शीर्ष नेतृत्व की बात ही युद्ध के संदर्भ में मानी जानी चाहिए। जहां तक संसदीय सत्र बुलाने की बात है, देश की सुरक्षा और युद्ध ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन पर सार्वजनिक चर्चा से यथासंभव बचना चाहिए।



ऑपरेशन सिंदूर के कई सकारात्मक पक्ष सामने आए हैं। पहला है, राजनीतिक इच्छा शक्ति, दूसरा सटीक और पुख्ता इन्टेलिजेन्स, तीसरा भारतीय सेना की प्रोफेशनल क्षमता और चौथा देश की एकजुटता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में, फिर 13 मई को आदमपुर में और इसके बाद बीकानेर में भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के प्रत्येक पहलू को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि हमारी सेनाएं सतर्क हैं। हम पाकिस्तान की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने इस बात को कई बार जोर देकर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चलेगा। अगर यह युग युद्ध का नहीं है तो आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं हैं, इससे पूरी दुनिया त्रस्त है।

प्रधानमंत्री की स्पष्ट घोषणा है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। सीमा पर प्रोक्सीवॉर नहीं चलेगा। पाकिस्तान से अगर बातचीत होगी, तो उसका एजेंडा आतंकवाद की समाप्ति एवं पीओके होगा। भविष्य में आतंकवादी घटनाएं हुई तो उसे 'एक्ट ऑफ वॉर' मानकर ही कार्रवाई होगी। हम गोली का जबाब गोलों से देंगे। प्रधानमंत्री के इस तरह दो टूक वक्तव्यों के बाद अब किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑपरेशन सिंदूर के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए जो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अनेक देशों में भेजा और उन सदस्यों ने जिस कुशलता से भारत का पक्ष रखा उससे उन देशों के मन में उठ रहे सारे प्रश्नों का उत्तर मिल गया होगा। दूसरी ओर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, सुश्री कनीमोजी, सुप्रिया सुले, प्रियंका चतुर्वेदी और अस्सुद्दीन ओवेसी आदि पर कुछ लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के कांग्रेस पार्टी के सदस्यों पर कांग्रेस के ही कुछ लोगों द्वारा उठाए जा रहे सवाल दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

स्मरणीय है कि 1994 में पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत को घेरने की रणनीति बनाई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हुए तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय प्रतिनिधिमंडल का मुखिया बनाकर जिनेवा भेजा था। अटल की बुद्धिमत्ता, उनकी तर्कपूर्ण पैरवी और नरसिंह राव की कूटनीति के सामने पाकिस्तान का झूठ टिक नहीं पाया। जो दायित्व देशहित में अटल बिहारी वाजपेयी ने विपक्षी नेता के रूप में उस समय निभाया था, वही दायित्व अभी कांग्रेस के शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनन्द शर्मा, मनीष तिवारी ने निभाया है, और इन्होंने पाक को बेनकाब किया है। कांग्रेस के जो नेता अपने साथियों की प्रतिनिधिमंडल में भूमिका पर तरह-तरह के प्रश्न उठा रहे हैं, यह अनुचित है, चूंकि पाकिस्तान इस तरह के वक्तव्यों को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में उपयोग करता है।

यह भी याद रखना होगा कि 26 नवम्बर, 2008 को जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित आतंकवादियों ने मुंबई पर सबसे बड़ा हमला किया था, जिसमें 160 से अधिक लोगों की जानें गई थीं उस समय तत्कालीन सरकार ने क्या-क्या कार्रवाई की थी? आज जब ऑपरेशन सिंदूर पर अनावश्यक प्रश्न उठाए जा रहे हैं तो मुंबई हमले के बाद तत्कालीन सरकार की भूमिका से भी इसकी तुलना होगी।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दरकार
मानस गर्ग



# सख्त डाटा सुरक्षा कानून बने

रमेश कुमार का मोबाइल फोन इन दिनों हर कुछ मिनट में घनघनाता रहता है। वो बेहद परेशान हैं। आखिर उनका मोबाइल नंबर कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के पास पहुंच गया? कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स को यह जानकारी मिल गई कि उनकी बेटी ने कक्षा 12 की परीक्षा पास की है? यह पीड़ा केवल अकेले रमेश कुमार की नहीं है, देशभर में ऐसे लाखों अभिभावक हैं, जिनका डाटा कहीं न कहीं साझा कर दिया गया है। न केवल मार्केटिंग कंपनियों के पास आम नागरिक का डाटा है, बल्कि एजुकेशन इंस्टीट्यूट, मेडिकल इंडस्ट्री और ऐसी अनेक ऑर्गेनाइजेशन्स की आम नागरिक के डाटा तक आसान पहुंच बन चुकी है। शायद यही कारण है कि भारत सरकार को डाटा गोपनीयता को लेकर नया कानून लाने पर विचार करना पड़ा है। जनवरी 2025 में इसका एक ड्राफ्ट भी सामने आ चुका है, लेकिन गंभीर सवाल यह है कि क्या डाटा गोपनीयता कानून के बाद लोगों को राहत मिलेगी, क्योंकि जिस अंदाज में कंपनियां हमारे डाटा को लेकर व्याकुल हैं, उन्हें शांत करना आसान नहीं होगा। सरकार को बेहद कड़े कदम उठाने होंगे। अब एक नागरिक की पहचान केवल आधार नंबर या पेन कार्ड भर से नहीं रह गई है, बल्कि डिजिटल उपस्थिति से भी उसकी पहचान गाढ़ी जा रही है। फिर वही सवाल, क्या डिजिटल पहचान की सुरक्षा के लिए आम नागरिक के पास कोई अधिकार है? क्या आम नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि उसका डाटा कहां, कैसे और क्यों इस्तेमाल हो रहा है? दरअसल, मार्केटिंग कंपनियों और कई संस्थाओं के लिए हमारा डाटा एक नया फ्यूल बन गया है। इसे विज्ञापन प्रोफाइलिंग और कई बार धोखाधड़ी के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। डिजिलॉकर से आधार नंबर संबंधी डिटेल्स बाहर आने के कई मामले सामने आए हैं, इसलिए डाटा की सुरक्षा सिर्फ एक तकनीकी मुद्दा भर नहीं रह गया है, बल्कि यह एक नीतिगत और नैतिक विषय भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमने देखा कि किस तरीके से देश में सीमा पार से साइबर अटैक बढ़े। साइबर अपराधी आम नागरिक के बैंक अकाउंट में सेंध लगा लेते हैं। केवल डाटा सुरक्षा नहीं, साइबर सुरक्षा को लेकर भी सरकार को बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। अब जरा, यूरोपीय संघ के जनरल डाटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (जीडीपीआर) पर नजर डालते हैं। वर्ष 2018 में यूरोपीय संघ ने इसे लागू किया था, जिसमें डाटा को निजात का हिस्सा और मानवाधिकार माना गया। इस यूरोपीय मॉडल के अनुसार नागरिकों को कई अधिकार दिए गए हैं। उनकी बिना अनुमति डाटा नहीं लिया जा सकता। आम नागरिक को यह जानने का अधिकार होता है कि कौन डाटा रख रहा है और क्यों रख रहा है? वह उपयोगकर्ता से अपने डाटा को मिटवा भी सकता है। एक सेवा से दूसरी में डाटा ट्रांसफर कर सकता है। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने भी इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट, जिसे डीपीडीपीए भी कहा जाता है, को पारित किया। यह कानून यूरोपीय संघ के जीडीपीआर से प्रेरित है, लेकिन भारत की जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार इसे तैयार किया गया है। डीपीडीपीए के तहत आम नागरिक को सहमति का अधिकार है, यानी बिना उसकी स्पष्ट अनुमति के कोई डाटा नहीं लिया जा सकता है। उसे यह जानने का अधिकार है कि कौन, क्यों और कैसा डाटा इस्तेमाल कर रहा है? उसे सुधार और हटवाने का अधिकार है। उसे शिकायत का अधिकार दिया गया है, यानी यदि उसके डाटा का दुरुपयोग हुआ है तो शिकायत की करने की एक प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यदि जीडीपीआर और डीपीडीपीए का तुलनात्मक अध्ययन करें तो पाएंगे कि जहां जीडीपीआर में डाटा की परिभाषा व्यापक और स्पष्ट है, वहीं डीपीडीपीए में कुछ मामलों में अस्पष्टता नजर आती है। भारत जैसे देश में डिजिटल साक्षरता अभी भी बड़ी चुनौतियों भरी है। भारत में डीपीडीपीए का सफल क्रियान्वन तभी होगा, जब शिक्षा, जन-जागरुकता और टेक्नोलॉजिकल जवाबदेही साथ-साथ चलें। डीपीडीपीए-2023 भारत के डिजिटल लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह न केवल बड़ा तकनीकी बदलाव है, बल्कि सामाजिक और नैतिक घोषणा भी है। भारत का प्रत्येक नागरिक सिर्फ डाटा उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि उसका स्वामी भी है। भारत में मौलिक अधिकारों में डाटा नियंत्रण को भी शामिल करने की जरूरत है। डाटा सुरक्षा का विषय स्कूलों में पाठ्यक्रम में भी शामिल करना चाहिए। जिस तरीके से कंपनियों की पहुंच डाटा तक आसानी से हो रही है, यह चिंतनीय है। उम्मीद यही है कि केंद्र सरकार ठोस कदम उठाएगी, ताकि आम नागरिक का डाटा सुरक्षित रहे। बिना उसकी अनुमति के उसके डाटा का उपयोग न हो सके।

(लेखक साइबर सिक्योरिटी एवं आईटी एक्ट के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## हमारी जिंदगी का लक्ष्य क्या है, क्या चाहती है



संकलित
दर्शन

क्या जिंदगी की पुकार, जैसा कुछ होता है? कैसे जानें कि हमारी जिंदगी हमसे क्या चाहती है? सद्गुरु- मैं चाहता हूं कि यह आप ठीक से समझ लें, कि जिंदगी की पुकार जैसी चीज तो नहीं होती, लेकिन जिंदगी आपको हमेशा पुकार रही है, आपसे कुछ कह रही है, भीतर से भी और बाहर से भी। जब आप जीवन की पुकार का सचमुच जवाब देंगे, तभी आप जीवन को उसकी संपूर्णता में जान पाएंगे। अगर जीवन आपको पुकार रहा है, तो बड़ी लगन और जुनून से आपको उसकी तरफ जाना होगा, हिचकिचा कर हिसाब लगाते हुए नहीं।इसलिए नहीं कि आपका अहं जो हमेशा कुछ अलग करने की चाह रखता है, तुष्ट हो सके। बल्कि इसलिए कि आप अपनी पूरी क्षमता के साथ अपनी जिंदगी जी सकें। अगर जिंदगी के हर पहलू को ले कर आपमें एक जुनून है, तो आप आसानी से समझ जाएंगे कि आप किस काम में अच्छे हैं। हो सकता है आप किसी ऐसे काम में अच्छे हों, जो आपने अभी तक किया ही न हो। हर उस चीज में जोश व जुनून के साथ शामिल होना चाहिए, जिसे आपकी पांचों इंद्रियां महसूस कर सकती हों। यह जुनून सबको अपने में शामिल कर लेने वाला होता है। सही अर्थों में देखा जाए तो यही करुणा है। करुणा का मतलब दया भाव नहीं है, यह तो एक साधन है, बिना किसी पूर्वाग्रह के शामिल होने का। जिस क्रम में जीवन घटित होता है, उसमें सबसे पहले है होना, फिर करना और तब पाना। लेकिन आजकल लोग हमेशा सबसे पहले पाने के बारे में सोचते हैं।

## प्रेम के पांच पुष्प बाण यानी हमारी इंद्रियां



संकलित
प्रेरणा

भारतीय पौराणिक कथाओं में प्रेम के देवता का एक नाम अनंग है। अनंग का अर्थ है, जिसके शरीर का कोई अंग न हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रेम निराकार होता है। उसके पास एक धनुष और पांच बाण रहते हैं। ये पांच बाण पांच फूलों से बने होते हैं यानी हमारी पांच इंद्रियां। और जब वे इन पांच फूलों से तुम्हें छूता है, तो इन्हीं इंद्रियों के माध्यम से तुम कुछ ऐसा अनुभव करते हो जो इंद्रियों से परे है। और तुम्हारे भीतर गहराई में एक सौंदर्य की लहर उठती है जो मधुर शहद की तरह रस पैदा करती है। जब आप कुछ भी अद्भुत अनुभव करते हैं, चाहे वह संगीत हो या कोई सुगंध या किसी प्रियजन का संपर्क तो आपकी आंखें अपने आप बंद हो जाती हैं और आप सौंदर्य के सागर में डूब जाते हैं। आप अपने स्वभाव में आ जाते हैं। ऐसे क्षणों में आप साकार से निकलकर उस निराकार में विलीन हो जाते हैं। आपके भीतर ऊर्जा एक नई दिशा में बहने लगती है। जैसे ध्यान में उत्थान का आभास होता है, चिरस्थायी आनंद का अनुभव होता है। जिस तरह वसंत ऋतु में सारी सृष्टि खिल उठती है, पक्षी गाते हैं, वृक्ष फूलों से लद जाते हैं, वैसे ही जब आपके भीतर ऊर्जा जागती है, तो विस्मय होता है। आप आलस्य और जड़ता त्याग देते हैं और नए जीवन का उदय होता है। अगर यह ऊध्र्वगमन जीवन में न हो, तो आप नीरस हो जाते हैं। और इंद्रियों का अत्यधिक उपभोग करते-करते आप और भी जड़ हो जाते हैं। सृष्टि आपकी पांच इंद्रियों पर पांच बाणों से चोट करती है, आपके भीतर गहराई में सौंदर्य की भावना जगाने के लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### परेशानी का कारण न बने रील्स

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *- हेमेन्द्र कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### भिखारियों से बेइज्जती कार्रवाई करेगी पाक सरकार



सऊदी, संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों में भिखारियों को लेकर पाकिस्तान की फजीहत अब आम बात हो गई है। फटेहाल पाकिस्तान के भिखारी यूएई, कतर, ओमान, इराक और मलेशिया जैसे देशों से भी भगाए जा रहे हैं। सऊदी अरब ने बीते 16 महीनों में 5 हजार से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को डिपोर्ट किया है। भिखारियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती झेल रहे पाकिस्तान ने डिपोर्ट किए गए अपने लोगों के खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। ये सभी अंतरराष्ट्रीय भिखमंगी सिंडिकेट का हिस्सा हैं। पाकिस्तान ने भिखारियों का पासपोर्ट कैंसिल करने, उन पर पांच साल का ट्रैवल बैन लगाने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। डिपोर्ट किए गए 7,873 भिखारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में अनुमान लगाया था कि पाकिस्तान के 2.2 करोड़ लोग भिखमंगी में संलिप्त हैं जो हर साल 42 अरब पाकिस्तानी रुपये का योगदान देते हैं। पाकिस्तान के भिखारी विदेशों में भीख मांगकर लाखों कमाते हैं जो देश की जीडीपी का अहम हिस्सा है। ऐसे में पाकिस्तान भिखारियों के मुद्दे पर तब तक आंख मूंदे था।

## ऑफ बीट

### चींटियों ने तैयार किया था मंदिर का नक्शा



हिमाचल प्रदेश के करसोग की पहाड़ियों के बीच एक रहस्यमय मंदिर है चिंडी माता मंदिर। इस मंदिर की देवी मां चंडी हैं। ये मंदिर शिमला के रास्ते पर करसोग से 13 किमी. पीछे स्थित है। वहीं ये रहस्यमय मंदिर हिमालय के आकर्षण का केंद्र भी है। चिंडी माता मंदिर को कई चीजें खास बनाती हैं। जैसे इसका रहस्यमयी इतिहास, प्राचीन आठ भुजाओं वाली पत्थर से बनी मूर्ति। कहा जाता है कि नि:संतान का मां संतान का वरदान देती है, वहीं कहा जाता है कि चिंडी माता मंदिर का नक्शा किसी इंसान के हाथ से नहीं, बल्कि मेहनती चींटियों ने तैयार किया था। सदियों से चल रही कहानियों की मानें तो माता रानी कन्या रूप में प्रकट हुई थी। चींटियों की डोर बनाकर नक्शा तैयार किया था और माता ने मंदिर का निर्माण खुद किया था। मान्यताओं के अनुसार नक्शे की जानकारी माता ने पंडित को स्वप्न में आकर दी थी। इतना ही नहीं उसके बाद मंदिर के तालाब और भंडार का नक्शा भी चींटियों ने ही बनाया था। ये मंदिर लकड़ी से बना है और देखने में बेहद आकर्षक और सुंदर लगता है, इस मंदिर में कई मंजिलें हैं, छतों पर कुलदेवताओं के प्रतीक उकेरे गए हैं। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां आने वाले नि:संतान भक्तों को संतान की प्राप्ति होती है।

## ट्रेंड

### सेवाभाव के ग्यारह साल



बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव से लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चुनाव आयोग का अच्छा कदम



मतदाता सूची सौंपने के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया पहला अच्छा कदम। क्या चुनाव आयोग कृपया यह बता सकता है कि यह डेटा डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रारूप में कब तक सौंप दिया जाएगा?
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता



सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति प्रदान करतीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना, जन धन योजना आमजन के जीवन को सुगम बनाने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐसे लोगों से दूर रहें



उन लोगों से दूर रहें जो आपको थका देते हैं। ऐसी बहसों से दूर रहें जो कभी खत्म नहीं होतीं। अपनी योग्यता साबित करने के लिए लोगों को खुश करने की कोशिश न करें। नकारात्मकता से दूर जाने वाला हर कदम शांति की ओर एक कदम है।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# इंजीनियर ने प्रेमिका को 17 बार चाकू मारा, उधर पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु से हत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। टेक इंजीनियर यशस (25 साल) ने अपनी प्रेमिका हरिनी (33 साल) की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 6-7 जून की रात पूर्णा प्रजना लेआउट के ओयो होटल के कमरे में हुई। दोनों एक-दूसरे को एक महीने से जानते थे।



डीसीपी साउथ लोकेश बी जगलासर ने बताया कि महिला आरोपी से रिश्ता खत्म करना चाहती थी और दूरी बना रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी यशस ने उस पर चाकू से 17 बार हमला किया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक हरिनी के 2 बच्चे भी थे। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जांच कर रही है। वहीं, बेंगलुरु के अनेकल इलाके से हत्या का एक दूसरा मामला सामने आया है। यहां 28 साल के शंकर ने अपनी पत्नी मानसा (26 साल) का सर काटकर हत्या कर दी। इसके बाद थाना जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शंकर को पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चल गया था।

# देश में कोरोना के एक्टिव मामले 64,00 से ज्यादा, नए एक्सएफजी वैरिएंट के 163 केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते करीब 20 दिनों से देश में कोरोना की एक नई लहर देखी जा रही है। हर दिन के साथ संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है।

■ भारत में बढ़ रहे हैं नए वैरिएंट के मामले

22 मई को जहां कुल एक्टिव मामले 257 थे, वो सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा किए गए रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 6491 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 624 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। देश में मुख्यरूप से ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 को प्रमुख माना जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर एक्सएफजी वैरिएंट के भी केस रिपोर्ट किए जा रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में नए उभरते कोविड-19 वैरिएंट एक्सएफजी के अब तक 163 मामले पाए गए हैं।

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल गोड्डा, शिविर–महागामा**

**ई–निविदा रद्ध पत्र**

दिनांक 09.06.2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संदर्भ सं0– WRD/MAHAGAMA/01SBD/24-25 दिनांक 24.03.2025 (3rd Call) जिसका पी0आर0 सं0–349081 Irrigation(24-25)D मुख्य अभियंता ,जल संसाधन विभाग देवघर, का ज्ञापांक 645 दिनांक 23.05.2025 के आलोक में उपरोक्त निविदा रद्ध किया जाता है ।

PR 354497
Irrigation(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
सिंचाई प्रमंडल गोड्डा,शिविर–महागामा

**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 / 2025–26 में इस कार्यालय के पत्रांक 175 / जि0प0 31.05.2025 PR No. 354065 दिनांक 02.06.2025 द्वारा आंशिक संशोधन किया गया था, जिसमें अपरिहार्य कारणवश पुनः निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | पूर्व में संशोधित तिथि | | | वर्तमान में संशोधित तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
| 1 | 01 | Construction of Zila Parishad Koderma Office Building | 05.06.2025 | 06.06.2025 से 12.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 14.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 से 21.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 23.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 354533 Panchayati Raj (25-26)_D

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC) Telephone: (0771) – 2574 123, Fax: (0771) – 2574 125 Website: www.cspdcl.co.in e-mail: eitc@cspc.co.in

No. 07-01/EITC/Tr-403/ 456 Raipur, Dated: 06/06/2025

**NOTICE INVITING e-TENDER**

1. Sealed offers are invited from experienced Firms, System Integrators or Service providers for the following services -

| SN | Tender No. | Particulars | Tender Fee | Estimated cost | EMD | Due Date & Time of bid Submission | Due Date & Time of bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr-403 RFx-8100043726 | Procurement of batteries for UPS sets of 120KVA, 40KVA & 20KVA installed in DC, Raipur & DRC, Bilaspur | Rs. 5,000 (inclusive of GST@ 18% | Rs.1.44 Cr | Rs.1,44,740.00/- | 27/06/2025 at 15:00PM | 27/06/2025 at 15:30PM |

2. For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / tender notices / central offices.3.The tender will be processed online through e-bidding module of SAP SRM with details as below - **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**. 4.E-bidding Helpline no. 0771-2576672, 2576673 (EITC, CSPDCL)5.The bidder must have a valid Digital Signature and SAP SRM User ID for e-bidding.6.Please note that notice for corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

"Energy Saved is Energy Generated"

EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है ।

| | | |
|---|---|---|
| नीलाम दिनांक | - | 19.06.2025 |
| समय | - | 9:00 बजे प्रातः से |

वनपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| साल | 536.403 | - | 286 | 41.906 | - | - | 578.309 | - | 286 |
| बीजा | 11.353 | - | 27 | 5.240 | 06 | 41 | 16.593 | 06 | 68 |
| तिंसा | 40.113 | - | 69 | - | - | - | 40.113 | - | 69 |
| साजा | 78.766 | - | 121 | - | - | - | 78.766 | - | 121 |
| हल्दू | 7.909 | - | - | - | - | - | 7.909 | - | - |
| स. मोदे | 47.703 | 07 | 19 | - | - | - | 47.703 | 07 | 19 |
| धावडा | 72.130 | - | 88 | - | - | - | 72.130 | - | 88 |
| कसही | 16.658 | - | 08 | 1.203 | - | - | 17.861 | - | 08 |
| अन्य | 33.872 | - | 22 | - | - | - | 33.872 | - | 22 |
| **योग :-** | **844.907** | **07** | **640** | **48.349** | **06** | **41** | **893.256** | **13** | **681** |

**टीप :-**
(1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । (2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।
(4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

G-252601434/3

## वादे बनाम हकीकतः कांग्रेस पार्टी ने कहा

# केंद्र की 11 साल की उपलब्धियों का जश्न खोखला, वादों से कोसों दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के जश्न से पहले कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार की कथित रूप से अब तक की विफलता पर बकायदा कलमबद्ध पुस्तिका निकाली। पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब सरकार की अब तक की उलब्धियों को बताने पत्रकारों के समक्ष सामने आना चाहिए था तो उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को आगे कर दिया। दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रोफेसर राजीव गौड़ा और श्रीमती महिमा सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) के एक साल पूरे होने और 'वादे बनाम हकीकत' थीम के तहत सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की समीक्षा करने के लिए पत्रकारों को आमंत्रित किया। कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को निशाना बनाते हुए दावा किया कि सरकार ने अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने आर्थिक नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर सरकार की कमियों को उजागर करने की कोशिश की।



### 'जनविरोधी' नीतियां

एआईसीसी के रिसर्च डिपार्टमेंट के चेयरमैन प्रोफेसर राजीव गौड़ा ने मोदी सरकार की नीतियों को 'जनविरोधी' करार दिया और आंकड़ों के साथ तर्क दिया कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के दावे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। महिमा सिंह ने सामाजिक न्याय और समावेशिता के मुद्दों पर जोर दिया, यह कहते हुए कि सरकार की नीतियां समाज के कमजोर वर्गों, जैसे किसानों, युवाओं, और महिलाओं, के हितों की अनदेखी करती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी 3.0 के पहले वर्ष की विफलताओं पर प्रकाश डाला गया। नेताओं ने कहा कि सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनावों में किए गए वादों, जैसे 'अच्छे दिन' और 'विकसित भारत', को लागू करने में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई। उन्होंने हाल के ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले जैसे मुद्दों पर भी सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की, यह दावा करते हुए कि सरकार ने इन मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी दिखाई। सेना के काम का राजनीतिकरण करने की कोशिश की गई।

### 'पहला कदम अच्छा, लेकिन वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी'



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इलेक्शन कमीशन (ईसी) से महाराष्ट्र चुनाव की वोटर लिस्ट को लेकर सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि आयोग बताए कि वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि वह 2009 से 2024 तक की हरियाणा और महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट देगा। राहुल गांधी ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सौंपने का पहला कदम अच्छा है।' राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से अब यह पूछा है कि यह डेटा डिजिटल फॉर्मेट में कब तक मिलेगा, ताकि उसे आसानी से पढ़ा जा सके।

# सीमाओं पर तनाव के बीच शुरू हुआ अगली पीढ़ी के अपतटीय जहाज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा।

जिसके पीछे की एक वजह सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में शुरू किया गया अगली पीढ़ी के चौथे अपतटीय जहाज यार्ड-1283 (एनजीओपीओ) के निर्माण कार्य (कील लेइंग) की शुरुआत होना है। इस अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन शामिल हुए। उनके अलावा जीएसएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ब्रजेश कुमार उपाध्याय और नौसेना व शिपयार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह का हिस्सा बने। नौसेना ने 9 जून को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

### देश के आधा दर्जन राज्यों में बढ़ेगा तापमान, राजस्थान में 'हीटवेव' का ऑरेंज अलर्ट, धूलभरी आंधी भी चलेगी



**नई दिल्ली।** देश का उत्तर पश्चिमी इलाका इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य का श्रीगंगानगर रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। दिल्ली और यूपी-बिहार राजस्थान सहित कई राज्यों में तापमान 40 से ऊपर पहुंच गया है।

### 500 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर लक्षद्वीप पहुंची सैनुद्दीन की पार्थिव देह

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** उत्तरी सिक्किम के छातेन में इस महीने की शुरुआत में भूस्खलन की चपेट में आए सेना के शिविर से लापता हुए 6 में से 1 जवान सैनुद्दीन पी.के का शव बीते रविवार को करीब आठ दिन बाद मंगन जिले में बरामद कर लिया गया था। लेकिन इसके बाद उन्हें जिस तरह से एक बेहद अनोखे संयुक्त-सैन्य अभियान (सेना, वायुसेना और नौसेना) के जरिए अंतिम विदाई दी गई।

वह दिखाता है कि सशस्त्र सेनाओं में जब किसी सैन्यकर्मी को अंतिम विदाई दी जाती है तो उसकी पहचान उसके रैंक और पद से ऊपर केवल देश के एक सच्चे सपूत के रूप में ही की जाती है। सेना ने लापता जवानों के लिए युद्धस्तर पर बचाव-राहत अभियान चलाया है।

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / सीएसएमसीएल / 2025/980 दिनांक- 06/06/2025

**शराब बिक्री हेतु दुकानों को भाड़े पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना**

जिले मे संचालन हेतु कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान करहीबाजार, गिधपुरी एवं लाहोद के लिये क्रमशः ग्राम पंचायत करहीबाजार, गिधपुरी, लाहोद एवं विदेशी मदिरा दुकान कटगी के लिये ग्राम पंचायत कटगी तथा प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिये नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं भाटापारा के क्षेत्रांतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म दिनांक 25.06.2025 समय दोपहर 12:00 तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.06.2025 को समय दोपहर 03:00 बजे तक नियत है। तथा दिनांक 25.06.2025 को शाम 04:00 बजे तक निविदा खोली जावेगी। उक्त दिवस को अवकाश होने पर आगामी कार्यदिवस मान्य होगा।

कलेक्टर,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-252601446/2

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/आब./ठेका /2025-26/2548 कबीरधाम दिनांक 05/06/2025

**// निविदा सूचना-पत्र //**

कार्यालय छ.ग. स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक / सी.एस. एम.सी.एल/उ.प्र. (1)/169 / 2017 / 1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुसार वर्ष 2024-25 हेतु देशी/ विदेशी/ कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराया लिये जाने के संबंध में निविदा जारी किये जा रहे हैः-

| क्र. | मदिरा दुकान का नाम | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान कवर्धा टाऊन | नगर पालिका कवर्धा सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान हेतु पुरे साज सज्जा से युक्त |

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लिये जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 25.06.2025 समय 2.00 बजे दोपहर तक** है। निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करेंगें तथा **निविदा प्रपत्र शुल्क- 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम (छ.ग.)** के नाम से, जमा कर दिनांक 25.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय समिति का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड **दिनांक 25.06. 2025 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 27.06.2025 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

G- 252601462/2

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
e-mail-cmoramanujganj@rediffmail.com

क्रमांक/866/ लो.नि.शा./न.पा.प/2025 रामानुजगंज, दिनांक 06/06/2025

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | लगत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 169777 | Design Construction Testing Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment plant (STP) Work Including 05 Years of Opration and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Ramanujganj under SBM 2-0 | INR 409.95 Lakh | INR 2.05 Lakh (Rupees Two lakll Five Thousand only) TDR/FDR IN favor CHIEF of MUNICI-PAL OFFICER Municipal Council Ramanujganj | Rs. 10000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICI-PA L OFFICER, Municipal council Ramanujganj | Construction Period- 18 months (including rainy sea-son +03 (Three) Months of trial run) from the date of issuing of work order | 23.06.2025 Time upto 04.00 PM. |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा सर्ते/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in या https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रामानुजगंज

S-44120/1

# रूस ने एक रात में ही 479 ड्रोन व मिसाइलों से किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। रूस ने हाल के दिनों में यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। रूस की ओर से इस हमले में बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें भी दागी गई हैं।



### 277 ड्रोन और 19 मिसाइलें हवा में नष्ट कीं

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

### तीन साल में 1200 लोग मारे गए

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथिः 13/06/2025

| स. क्र. | नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 50/2025-26 दिनांक 02/06/2025 | 169561 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक- भोपालपट्लनम के अंतर्गत भोपालपटनम में शासकीय महाविद्यालय भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 134.48 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-252601439/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला - कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
Email - ID : ee-res.kondagaon@nic.in,
Fax & Ph. No.- 07786-242243

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2025-26 हेतु सूचना क्रमांक-05 (प्रथम दौर)**
**निविदा आमंत्रण**

क्रमांक /05/ व.ले.लि./ नि.प्र./ग्रा.या. सेवा / 2025 कोण्डागांव, दिनांक 05.06.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 19.06.2025 शाम 5.00 बजे तक।**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य 2x 6 मी. स्पान (एन.एच. -30 से गुलबापारा मार्ग) आंवरी, विकासखण्ड केशकाल | 41.020 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 09.06.2025 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- कोण्डागांव

G-252601425/1

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
दूरभाष क्र.- 07751 220658, Email - emrsgaurelapendramarwahi@gmail.com

क्रमांक / PVTGRS/स्था./2025-26/628 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 06/06/2025

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय धनौली, वि.खं. गौरेला, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, हिन्दी माध्यम विद्यालय के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण की सूचना**

**-: सूचना का प्रारूप::-**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय धनौली, वि.खं. गौरेला जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अस्थाई रूप से प्रति कालखण्ड निर्धारित मानदेय पर अध्यापन कार्य करने के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों से केवल ऑफलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है।

**विषयवार रिक्तियों की संख्या :-**

| क्र. | पद | विषय | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अतिथि सहायक शिक्षक | गणित | 01 |
| | | सामाजिक विज्ञान | 01 |
| | | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | | विज्ञान | 01 |
| 2. | अतिथि खेलकूद प्रशिक्षक | | 01 |
| 3. | अतिथि शिक्षक | गणित | 01 |
| | | विज्ञान | 01 |
| | | सामाजिक विज्ञान | 01 |
| | | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | योग | | 11 |

उपरोक्त संख्या परिवर्तनीय है, विद्यालय में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की संख्या कम/अधिक हो सकती है।

विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in एवं कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

**आवेदन संबंधी तिथियाँ :-**

| क्र. | विवरण | आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 18.06.2025 |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G-252601447/2

# अनंत हैं शिव, समय और स्थान से हैं परे

**मुंबई।** 'उतरन' फेम टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने जीवन से जुड़े पहलुओं को साझा करती रहती हैं। इस बार अभिनेत्री भगवान की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं, जिसकी तस्वीरें उहोंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। टीवी अभिनेत्री टीना दत्ता हाल ही में महराष्ट्र राज्य के नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंची, जिसकी तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री अपने पिता के साथ पूजा-पाठ करती दिख रही हैं। इसमें एक्ट्रेस को पीले रंग की कुर्ती और सफेद पायजामा पहनकर मंदिर के दर्शन करते देखा जा सकता है। इसके अलावा शेयर की गई एक तस्वीर में अभिनेत्री अपने पिता संग महादेव को एक टक निहारती दिख रही हैं और भक्ति भाव में डूबी हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री टीना दत्ता ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए कैप्शन भी दिया है।



## नौकरी करने के लिए अपनी शादी छोड़ कर भाग जाती है एक लड़की

# इन फिल्मों में दिखाया गया नौकरी और पढ़ाई का संघर्ष

***नई दिल्ली।** 23 मई 2025 को राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज हुई। इस फिल्म में सरकारी नौकरी को लेकर संघर्ष दिखाया गया है। राजकुमार राव पैसे देकर सिंचाई विभाग में नौकरी प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटती हैं, जिसकी वजह से उन्हें वह नौकरी उस व्यक्ति को देनी पड़ती है, जिसका असल हकदार होता है। ऐसे में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिसमें नौकरी और पढ़ाई को लेकर संघर्ष दिखाया गया है।*

**12वीं फेल :** 12वीं फेल साल 2023 में रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है। फिल्म में विक्रांत मेसी, मेधा शंकर, अनंत जोशी और अंशुमान पुष्कर ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है जो दिल्ली में जाकर सरकारी नौकरी की तैयारी करता है। इसके बाद उसकी सरकारी नौकरी लग जाती है। इस बीच विक्रांत मेसी का किरदार बहुत मेहनत करता है।




**शादी में जरूर आना :** 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'शादी में जरूर आना' में राजकुमार राव और कृति खरबंदा ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़की नौकरी करने के लिए अपनी शादी छोड़ कर भाग जाती है। इसके बाद उसका होने वाला पति भी सरकारी नौकरी हासिल करके अपने प्यार को दोबारा पा लेता है। फिल्म को रत्ना सिंह ने निर्देशित किया है।




**निल बटे सन्नाटा :** निल बटे सन्नाटा फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पढ़ने लिखने से बहुत कतराती है लेकिन एक दिन उसके साथ ऐसा हादसा होता है कि वह पढ़ने लिखने लगती है। इसके बाद उसकी एक दिन नौकरी लग जाती है। फिल्म में स्वरा भास्कर, रिया शुक्ला और रत्ना पाठक ने अहम किरदार अदा किया है।




**आरक्षण :** आरक्षण फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी। फिल्म में नौकरी और आरक्षण के मुद्दे को दिखाया गया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन, सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और मनोज बाजपेयी ने अहम किरदार अदा किया है। इसका निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। फिल्म को काफी सराहा गया था।




**परीक्षा :** परीक्षा फिल्म साल साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पढ़ाई को लेकर जद्दोजहद दिखाई गई है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि एक रिक्शा चालक बुची अपने बेटे को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए उसे निजी स्कूल में भेजना चाहता है। हालांकि उसे पैसों की कमी और सामाजिक बहिष्कार से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म का निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। इसमें आदिल हुसैन, संजय सूरी और प्रयंका बोस ने अहम किरदार अदा किया है।



# श्रद्धा कपूर हैं पद्मिनी की फेवरेट...

**मुंबई।** अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने बहुत छोटी उम्र में ही स्टारडम देख लिया था। फिल्म प्रेम रोग, वो सात दिन, 'साजन बिना सुहागन' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों से उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई। अब सालों बाद वो टीवी पर लौट रही हैं, हालांकि आज की नई पीढ़ी और उनके काम को एक्ट्रेस बखूबी समझती हैं। एक बातचीत के दौरान, जब उनसे पूछा गया कि आज की एक्ट्रेसेज में उन्हें कौन सबसे पसंद है तो उन्होंने बिना एक भी पल रुके कहा श्रद्धा कपूर। क्योंकि श्रद्धा सिर्फ उनकी भांजी नहीं, बल्कि एक टैलेंटेड और मेहनती एक्ट्रेस भी हैं। उसने अपने दम पर जो मुकाम हासिल किया है, वो काबिल-ए-तारीफ है। मैंने उसे बचपन से देखा है - बेहद मेहनती, ईमानदार और सच्चे दिल से काम करने वाली है।



# मणिरत्नम के साथ आमिर कर सकते हैं काम

**मुंबई।** साल 2007 में आमिर खान मशहूर निर्देशक मणि रत्नम के साथ इस्मत चुगताई की कहानी 'घरवाली' पर फिल्म बना रहे थे। फिल्म का टाइटल था 'लाजो।' हालांकि किसी वजह से ये फिल्म नहीं बन पाई। अफवाहें फैलीं कि आमिर और मणि के बीच रचनात्मक मतभेद की वजह से यह फिल्म नहीं बन पाई। एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने बताया है कि 'लाजो' किसी और वजह से नहीं बन पाई। इससे मेरा या मणि रत्नम का का कोई लेना देना नहीं है। हम एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते थे। और 'लाजो' पर लगभग काम कर भी लिया, लेकिन किसी तीसरी वजह से यह काम नहीं हो पाया। इससे मेरा या उनका कोई लेना देना नहीं है। मैं उनके काम का बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे उम्मीद है कि एक दिन हम साथ काम करेंगे।'

# दुआ पर विवादित टिप्पणी करने के बाद बादशाह ने दी सफाई...

**मुंबई।** बीते दिनों रैपर बादशाह ने एल्बानियन सिंगर दुआ लीपा पर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद से ही बादशाह मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं, क्योंकि नेटिजंस उन्हें खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं। हालांकि, अब रैपर ने इस पूरे मामले पर सफाई दी है और कहा कि किसी महिला के लिए इससे सुंदर तारीफ नहीं हो सकती है। उन्होंने इस मामले पर एक और ट्वीट करते हुए सफाई दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया, 'मुझे लगता है एक महिला, जिसकी आप वाकई प्रशंसा करना चाहते हैं, उसकी तारीफ में आप उनके लिए ये कामना कर सकते हैं कि वो आपके बच्चे की मां बनें। इससे सुंदर तारीफ किसी भी औरत के लिए और क्या होगी।



# कौन थे पार्थो घोष? जो माधुरी दीक्षित जैकी श्रॉफ संग कर चुके काम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के इतिहास में कई दिग्गज निर्देशक हुए, जिनमें पार्थो घोष का भी नाम शामिल था। पार्थो घोष एक ऐसे फिल्ममेकर थे, जिन्होंने 1990 और 2000 के दशक में दर्शकों को रोमांच, भावनात्मक और सामाजिक सोच से जुड़ी कहानियां दीं और उन्होंने इसे खूब सराहा था। फिल्मी दुनिया में उन्हें '100 डेज' और 'अग्नि साक्षी' जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए पहचाना जाता है।

## 100 डेज फिल्म से मिली पहचान

### 80 के दशक में सिनेमा करियर की शुरुआत

पार्थो घोष का जन्म 8 जून 1949 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में हुआ था। उनका बचपन साहित्य, कला और संगीत में ही बीता। सिनेमा के प्रति जुनून ने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री की तरफ आकर्षित किया था। साल 1985 में उन्होंने एक सहायक निर्देशक के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। कॅरियर की शुरुआत उन्होंने बंगाली फिल्मों से किया था, फिर बाद में कई हिंदी फिल्में बनाई।

### पुरस्कार और सम्मान

फिल्ममेकर पार्थो घोष को उनके शानदार करियर में कुछ सम्मान भी मिले थे। उनकी फिल्म 'अग्नि साक्षी' को फिल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए नामांकित किया गया था।



### कैसा रहा फिल्मी सफर?

कई शानदार फिल्में देने के बाद फिल्ममेकर पार्थो घोष ने साल 1996 में 'अग्नि साक्षी' बनाई, जिसमें नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ और मनीषा कोइराला ने अभिनय किया था। इसकी कहानी को दर्शकों द्वारा बेहद पंसद किया था। सिनेमाई करियर के दौरान उन्होंने 15 से ज्यादा फिल्मों का निर्देशन किया।

### दलाल ने प्रतिष्ठित निर्देशक के रूप में दी पहचान

निर्देशक पार्थो घोष ने 1991 में '100 डेज' फिल्म का निर्देशन किया। इस संस्पेंस-थ्रिलर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों द्वारा अच्छा रिस्पांस मिला था। इस फिल्म में माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारे मुख्य भूमिका में थे। वहीं बात करें इस फिल्म की तो, यह तमिल फिल्म 'नूरवथु नाल' की हिंदी रीमेक थी। इसके बाद पार्थो घोष ने साल 1992 में दिव्या भारती और अविनाश वधावन अभिनीत 'गीत' का निर्देशन किया। हालांकि, साल 1993 में मिथुन चक्रवर्ती और आयशा जुल्का अभिनीत उनकी फिल्म 'दलाल' ने उन्हें एक प्रतिष्ठित निर्देशक के रूप में पहचान दी।

## टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी

**नई दिल्ली।** नवजोत सिंह सिद्धू कपिल शर्मा शो के सीजन 3 का हिस्सा बनने वाले हैं। सिद्धू ने अपनी वापसी को घर वापसी बताया और फैंस को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सिद्धू नेटफ्लिक्स सीरीज़ में अर्चना पूरन सिंह के साथ दिखाई देंगे। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के निर्माताओं ने सोमवार 9 जून को ऐलान किया कि पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू लोकप्रिय नेटफ्लिक्स स्केच कॉमेडी टॉक शो के तीसरे सीज़न का हिस्सा होंगे। स्ट्रीमर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर यह खबर शेयर की है। पोस्ट में लिखा है, 'एक कुर्सी पाजी के लिए प्लीज। हर फनीवार बढ़ेगा हमारा परिवार, जिसमें नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी होगी। उन्हें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीज़न में देखें, जो 21 जून से रात 8 बजे सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।' नवजोत सिद्धू इससे पहले कपिल शर्मा के पिछले कॉमेडी शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल, द कपिल शर्मा शो और फैमिली टाइम विद कपिल शर्मा में बतौर गेस्ट काम कर चुके हैं। 2019 में कपिल शर्मा शो में उनकी जगह अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह ने ले ली थी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शामिल होना सिद्धू के लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा, द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आकर ऐसा लगता है जैसे मैं फिर से घर आ गया हूं। यह मेरे लिए एक होम रन है। हमने लोगों की आवाज़ सुनी, इतने सारे फैंस और शुभचिंतक, जिन्होंने हमारी बातचीत को पसंद किया। मुझे खुशी है कि नेटफ्लिक्स खूबसूरत लोगों के इस गुलदस्ते को एक साथ लाने में कामयाब रहा है। एक मुस्कान के लिए आपको एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता है, लेकिन इसकी कीमत लाखों डॉलर है।

# तीन दिनों में 100 करोड़ के करीब पहुंची हाउसफुल-5



**मुंबई।** अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख सहित करीब 19 सितारों से सजी फिल्म 'हाउसफुल 5' सिनेमाघरों में लगी है। रविवार को फिल्म की रिलीज का तीसरा दिन था। 6 जून को सिनेमाघरों में सजी इस फिल्म ने पहले दो दिन अच्छी कमाई की है। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की यह पांचवी कड़ी है। साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है। वहीं, फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली तरुण मनसुखानी ने। मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म ने पहले दिन 24.35 करोड़ रुपए की कमाई करके अच्छी शुरुआत की। दूसरे दिन शनिवार को ईद के मौके पर भी इसने अच्छा कारोबार किया। दूसरे दिन का कलेक्शन करीब 32.38 करोड़ रुपए रहा।

## लाफ्टर शेफ्स में सबसे कमाल के हैं कृष्णा

**नई दिल्ली।** सेलिब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी ने 'लाफ्टर शेफ्स' के सेट पर हुई एक घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सेट पर मौजूद सभी लोग उस वक्त घबरा गए थे, जब एक्टर करण कुंद्रा ने अचानक एक गर्म प्रेशर कुकर को उठा लिया और उसकी सीटी निकाल दी। यह देख हम सब हैरान रह गए कि ये आखिर क्या हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, सेट पर मस्ती और गड़बड़ी सिर्फ करण कुंद्रा तक ही सीमित नहीं थी? हमारे सीजन में समर्थ और अभिषेक ने भी कई मजेदार हरकतें की हैं। उन्होंने एक कांच की कटोरी ली, उसमें चॉकलेट डाली और सीधे उसे गैस पर गर्म करने रख दिया. गर्म होने से कांच टूट गया।




epaper : www.haribhoomi.com

**हरिभूमि CLASSIFIED**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.** (RO-074)

### शिक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** हाईस्कूल गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान ,अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षको की आवश्यकता है **संपर्क - शहीद वीर नारायण सिंह उ.मा. विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम मिलाई मो. न. - 9301155109, 9893258083** (आरो न 769)

**आवश्यकता है-** सहायक शिक्षक ,व्याख्याता गणित, विज्ञान, कामर्स , जीव विज्ञान , **सम्पर्क-राष्ट्रीय विद्यालय बैकुण्ठ धाम , शारदा पारा कैम्प 2 भिलाई । मो.9584313384** (आरो न.-768)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** रायपुर में मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवतियों की आवश्यकता है वेतन- 10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार **संपर्क करें- 8962274079 पता रायपुरा चौक रायपुर** (RO-6888)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबर:- 9575042814.** (RO-103)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** 2 - मोमोस हेल्पर की आवश्यकता है। वेतन 6000/- प्रति माह + रहना खाना फ्री । समय- सुबह 9:00 बजे से काउंटर बंद होने तक **संपर्क करें- चाहापानी अमृत तुल्य रायपुरा चौक रायपुर (छत्तीसगढ़) मो.7898966800.**(RO-A)

### थेरेपिस्ट

**आवश्यकता है-** क्लिनिक में कार्य करने के लिए 1.पंचकर्म थेरेपिस्ट 2. 10 वीं पास युवक **संपर्क- माधवबाग क्लिनिक, रायपुरा, रायपुर 8770484939, 9425577139.**(RO-M)

### पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य , माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार **मिले: डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.** (RO-101)

### कुक/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** न्यू गीतांजलि नगर, रायपुर (बी टी आई के पास) में खाना बनाने और घर के काम के लिए महिला की आवश्यकता है। **संपर्क - 9752530608.**(RO-121)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** शेशांक मसाला मे सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। मो. 9993453132 (आरो - 3875)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** बर्जर पेंट दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है ,वेतन 10 से 12,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता। **अमृत सेल्स ,रेल्वे स्टेशन के सामने, रायपुर मोबाइल 9827174205** (RO-118)

क्लासीफाईड

### ड्रायवर/चौकीदार

**आवश्यकता है-** ड्राइवर, चौकीदार की आवश्यकता है परिवार सहित रहने की सुविधा है फुलझड़ टेडेसरा में एवं मालवीय नगर दुर्ग में स्टॉक रजिस्टर मेनटेन करने के लिए अकाउंटेंट की आवश्यकता है। **संपर्क - 97705-78172, 97700-54318.** (आरो नं.-1596)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता योग्यता 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सैलरी 7,000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 15,000 से 20,000/ **पता:- संतोषी नगर पेट्रोल पम्प के पास रायपुर 8962358129.**(RO-105)

**आवश्यकता है-** दवा कंपनी में कार्य हेतु दसवीं /बारहवीं पढ़े दुर्ग छत्तीसगढ़ी निवासी लड़को की आवश्यकता है। मिलने का समय शाम 5 से 7 बजे **डॉ.एच सी. अग्रवाल स्वरूप टॉकीज के सामने दुर्ग, मो.- 94255-55659, 96177-89223** (आरो न.-7185)

### कुक/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घर में खाना बनाने के लिए अनुभवी युवती एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है । रहने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें- 9425207767, 9340109282** (RO-6889)

## Education शिक्षण

**प्रशिक्षण-** यूनिवर्सिटी के द्वारा करवाये जाने वाले एक वर्षीय फिजियोथैरेपी स्किल सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश हेतु संपर्क करें , जॉब प्लेसमेंट् की सुविधा **अवस्थी फिजियोथैरेपी सेंटर 9893126125.**(RO-5009)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603.** (RO-080)

## Property प्रापर्टी

**बेचना है-** रायपुरा साईं मंदिर के पीछे 600 वर्गफुट में 2 बी.एच.के. डायवर्सन नक्शा पास, सेपरेट बोर्ड, फॉल सीलिंग, पोर्च नवनिर्मित मकान बेचना है **संपर्क करें:- 9300505421, 9993451070.** (RO-096)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** हीरापुर, हर्षित लैंडमार्क के सामने, रिंग रोड नं- 2 पर 2400 वर्ग फीट में निर्मित ग्राउंड फ्लोर पर विभिन्न साइज की 05 दुकानें किराए से देना है। **संपर्क: 9425205273.** (RO-1648)

आवश्यक सूचना




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## जैकेट के शेष

### पहले गाड़ी फूंकी, फिर...

पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ एएसपी घटना स्थल पहुंचे थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा आग के हवाले किए पोकलेन मशीन के करीब ही नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी पर एएसपी का पैर पड़ गया और ब्लास्ट की चपेट में आने से आकाश राव शहीद हो गए। डीएसपी व टीआई समेत कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस घटना के बाद यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्रेशर प्लांट में पोकलेन मशीन को क्यों छोड़ा गया था। सुरक्षा के बीच सभी कार्यों अंजाम देने के निर्देश थे। इस पूरे घटनाक्रम में तथा बड़ी घटना को अंजाम देने में कहीं कोई साजिश तो नहीं रची गई थी। जहां ब्लास्ट की घटना हुई उसके लगभग 6 किमी के दायरे में तीन सीआरपीएफ कैम्प व थाना आता है। नक्सलियों के इस कायराना हरकत के इलाके में एक फिर से दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। बस्तर में यह पहली वारदात है जब किसी एएसपी स्तर के अधिकारी की शहादत हुई है। इलाके में इससे पूर्व भी कई बड़ी नक्सल वारदात हुई लेकिन एएसपी स्तर के पुलिस अधिकारी की शहादत नही हुई थी।

### घटनास्थल पर मिला...

रायपुर व महासमुंद में आनी सेवा दे चुके थे। परिवार में पत्नि स्नेहा गिरपूंजे, पिता गोविन्दराव, माता मंदा गिरपूंजे के अलावा पुत्र सिद्धांत व बेटी गिरपूंजे है। घटनास्थल पर एएसपी का चश्मा व मोबाइल पड़ा हुआ मिला, वहीं आसपास के क्षेत्र में खून के धब्बे भी दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर एक जेसीबी भी मौजूद है जिसे बीती रात नक्सलियों ने आगे के हवाले कर दिया था। एएसपी आकाश राव को बहादुरी के लिए गैलंट्री अवॉर्ड से नवाजा गया था। आकाश होनहार पुलिस अफसर थे उन्हें मानपुर-मोहला में बेहतर पुलिसिंग के लिए विशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित किया जा चुका है।

### 2009 के बाद...

आकाश राव सुकमा के कोंटा में आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हुए है।

### मौके पर पहुंची बेकअप...

तैनात किया गया है। फोर्स पूरे इलाके में सर्चिंग कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि नक्सलियों ने आगजनी के बाद आने वाली फोर्स को निशाना बनाने पूरी तैयारी कर रखी थी। मौके पर तार के टुकड़े भी मिले हैं जिसकी मदद से आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया गया।

### पुलिस में नौकरी से...

गई थी। चंगोराभाठा के पास पीएस सिटी कॉलोनी निवासी कारोबारी गोविंद राव गिरपुंजे के दो बेटों में से आकाश राव गिरपुंजे बड़े बेटे थे। वे अपने परिवार और दोस्तों के बीच अक्कू के नाम से जाने जाते थे। उनके चाचा बसंत राव गिरपुंजे दो बार कांग्रेस के पार्षद रहे हैं।

### बेटी के जन्मदिन पर...

**संयुक्त परिवार का हिस्सा थे आकाश :** आकाश राव संयुक्त परिवार के सदस्य थे। उनके पिता गोविंद राव, माता मंदा गिरपुंजे, पत्नी स्नेहा, बेटे सिद्धांत और बेटी का नाम पीहू है। आकाश की बेटी का 11 जून को जन्मदिन था। आकाश ने कुछ दिन पूर्व अपने परिजनों को कॉल कर अपनी बेटी के जन्मदिन पर आने की बात कही थी। आकाश ने अपने चाचा बसंत गिरेपूंजे को कॉल कर बस्तर की हालत पहले से बेहतर होने की बात कहते हुए बेटी के जन्मदिन में शामिल होने हरसंभव आने की कोशिश करने की बात कही थी।

**बीमार मां को नहीं दी घटना की जानकारी :** परिजनों को साढ़े आठ बजे के करीब आकाश राव के आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली। कुछ देर बाद ही उन्हें उनकी शहादत की जानकारी मिली। आकाश के शहादत की खबर सुनकर परिजन सदमें में आ गए। आकाश की मां हार्ट पेशेंट है और बीमार है। इस वजह से उनकी मां को आकाश की शहादत की जानकारी नहीं दी गई।

**शव पहुंचने के बाद गमगीन हुआ माहौल :** पोस्टमार्टम होने के बाद शहीद पुलिस अफसर का पार्थिव शरीर देर शाम घर लाया गया। तिरंगे में लिपटे आकाश राव का पार्थिव शरीर घर पहुंचने के बाद पुलिस के साथ सभी की आंखें नम हो गईं। शहीद अफसर की पत्नी अपने पति के पार्थिव शरीर से लिपट कर रोती रही। इस दौरान आकाश राव की सास मेरा लाल मुझे छोड़कर चला गया कहकर बिलखती रही। मौके पर उपस्थित महिलाएं आकाश की पत्नी तथा उनकी सास को संभालती दिखीं।

**आज किया जाएगा अंतिम संस्कार :** आकाश राव गिरपुंजे का पार्थिव शरीर शाम साढ़े पांच बजे उनके निवास स्थान पर पहुंचाया गया। शाम होने के साथ शहीद जवान के अंतिम दर्शन करने आने वाले लोगों का तांता लगा है। इसके साथ ही शहीद अफसर के अंतिम दर्शन करने उनके परिजन बेंगलुरु, मुंबई सहित अन्य शहरों से पहुंच रहे हैं। इस वजह से आकाश राव की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से महादेव घाट के लिए मंगलवार सुबह निकाली जाएगी। श्री राव का अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे महादेव घाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

**आकाश का सर्विस कैरियर :** आकाश राव का जन्म सात फरवरी 1983 में रायपुर में हुआ था। 2013 बैच के अफसर की पोस्टिंग पुलिस अकादमी चंदखुरी, रायपुर, कांकेर, राजनांदगांव, मानपुर, मोहला, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद और वर्तमान में सुकमा के कोंटा में रही। पाटन में एसडीओपी रहते हुए आकाश राव का प्रमोशन एडिशनल एसपी के पद पर हुआ। इसके बाद उनकी पोस्टिंग महासमुंद एडिशनल एसपी के बाद रायपुर पश्चिम में पहली बार एडिशनल एसपी का पद सृजन किया गया और रायपुर पश्चिम के पहले एडिशनल एसपी बनाए गए।

### मुख्यमंत्री साय ने शहीद...

दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री के साथ पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपेरशन विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद श्री गिरपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री साय ने कोंटा में हुई नक्सल घटना के मद्देनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। उन्होंने नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की। उन्होंने घायल जवानों को त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम साय ने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में घायल जवानों से मुलाकात की।

### प्राचार्य पदोन्नति मामले में...

अवकाश के बाद हाईकोर्ट में नियमित कामकाज शुरू हो गया। पहले से निर्धारित रोस्टर के अनुसार डिवीजन और सिंगल बेंचों में सुनवाई प्रारंभ हो गई। जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई प्रारंभ हुई, जिसमें याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जवाब दावा पेश करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की।

# पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

# मणिपुर में प्रदर्शनकारियों ने सरकारी इमारत में लगाई आग

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल से जुड़े पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा ने सोमवार को विकराल रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने याइरीपोक तुलिहान में एसडीसी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। इसमें कई आधिकारिक रिकॉर्ड नष्ट हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेथेल और सिंगजामेई में प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस सरकारी इमारत में आग लगाने वाले आरोपियों की



पहचान में जुटी है। हिंसा को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए लोगों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। राज्य भर में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद शनिवार रात से इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई।

### सुरक्षाबलों पर भी किया हमला

मिट्टी के ढेर लगाए प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई और कोइरेंगेई इलाकों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। उन्होंने सड़कों के बीच में टायर जलाए और इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सुरक्षाबलों पर हमला किया। सरकार गठन की मांग एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण है। प्रदर्शनकारियों ने बांस से कई सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है। इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली टिडिम सड़क से सुरक्षाबलों ने अवरोधकों को हटा दिया है। बता दें, राज्य में सरकार के गठन की मांग की। अभी प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू है।

# हम दिल्ली या महाराष्ट्र नहीं मोदी-शाह से नहीं डरते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ डीएमके सांसद ए. राजा का बयान

डीएमके सांसद ए राजा ने भाजपा पर निशाना साधा है और दावा किया है कि भगवा पार्टी कभी भी तमिलनाडु में अपने पैर नहीं जमा पाएगी। ए राजा ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि तमिलनाडु के पास भाजपा की विचारधारा का मुकाबला करने के लिए द्रविड़ विचारधारा है।

रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु दौरे पर थे और उन्होंने मदुरै में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे और दावा किया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में भाजपा की सरकार बनेगी। सोमवार को चेन्नई में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएमके सांसद ने अमित शाह के आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि गृह मंत्री ने झूठ बोला और डीएमके पर गलत आरोप लगाए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 952/न.पा.नि./ लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 09/06/2025

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 05 तक में सड़क डामरीकरण तथा सीसी रोड निर्माण / मरम्मत-संधारण कार्यों हेतु ऑनलाईन वार्षिक निविदा (System Tender No. 169860, 169861, 169862, 169863, 169864, 169865, 169866, 169868, 169869 & 169870) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि समोदा वितरण केन्द्र के अंतर्गत विभिन्न 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रो से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर विद्युत लाईनो का प्री मानसून मेंटनेंस हेतु ट्री कटिंग एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में **सुबह 09.00 से शाम 04.00 बजे तक** सारणी बद्ध लाईन एवं दिनांक एवं उनके सम्मुख दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.06.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. सेमरिया बस्ती फीडर | परसदा, कुसमुंद, सेमरिया, रसौटा। |
| 2 | 12.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कागदेही बस्ती फीडर | कागदेही। |
| 3 | 13.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. कुरुद बस्ती फीडर | कुरूद, करमंदी, हरदीडीह। |
| 4 | 16.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. चिखली बस्ती फीडर | कुटेला, मोहमेला, चिखली। |
| 5 | 17.06.2025 | मंगलवार | 11 के. व्ही. अमसेना फीडर | धौराभाठा अमसेना, कोडापार, परसवानी, धोमभट्ठी। |
| 6 | 18.06.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही, संकरी फीडर | संकरी, चोरभट्ठी, कोरासी |
| 7 | 19.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. अमोदी फीडर | अमोदी, बजरंगभाठा, केशला, रसौटा, परसदा। |
| 8 | 20.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. भण्डारपुरी फीडर | पिरदा, भैंसमुड़ी, कुलीपोटा भण्डारपुरी। |
| 9 | 23.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही समोदा पंप फीडर | समोदा, चपरीद, रानीसागर। |
| 10 | 24.06.2025 | मंगलवार | 11 के. व्ही. सेमरिया पंप फीडर | परसदा, कुसमुंद, सेमरिया, रसौटा |
| 11 | 25.06.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. कागदेही पंप फीडर | कागदेही |
| 12 | 26.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कुरुद पंप फीडर | कुरुद, करमंदी, हरदीडीह। |
| 13 | 27.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. चिखली पंप फीडर | कुटेला, मोहमेला, चिखली। |
| 14 | 30.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. तेलासी फीडर | डुम्हा। |

"तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 08:00 बजे संबंधित उपकेन्द्र में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेंगे।"

**"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"**

असुविधा के लिए खेद है

(एम.एस.हरि)
कर्म.संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

S-44128/3

## पेज एक के शेष

### अमेरिका में हिंसा...

दी गई थी इसके बाद भी तनाव बढ़ता ही गया और अब हजारों लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। अपनी पहचान छिपाने के लिए मास्क पहनकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर गुस्सा जाहिर किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रंप ने लिखा, मास्क पहने सभी प्रदर्शनकारियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

### सोनम की बेवफाई, शादी के...

निवासी है। इस मामले में एमपी के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने राजा रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें कॉन्ट्रैक्ट पर हायर किया गया था। इंदौर के एडिशनल डिप्टी पुलिस कमिश्नर राजेश दंडोतिया ने कहा कि 25 साल की सोनम का 20 साल के राज कुशवाहा के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने राजा से शादी के सात दिन बाद 18 मई को कत्ल की प्लानिंग की थी। आरोप है कि राज ने ही राजा की हत्या के लिए विशाल चौहान, आनंद कुमार और आकाश राजपूत को हत्या के लिए हायर किया था।

**पिता को यकीन नहीं, बेटी हत्या में शामिल :** सोनम के पिता देवी सिंह इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी बेटी हत्या में शामिल है। उन्होंने कहा, 'मेरी बेटी किसी की हत्या नहीं कर सकती है। मुझे मेघालय पुलिस पर यकीन नहीं है। मैं अब भी सीबीआई जांच की मांग करता हूं।

**राजा की मां बोलीं- मेघालय नहीं जाना चाहता था बेटा :** राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी ने बताया कि राजा मेघालय जाना ही नहीं चाहता था। उसने मेघालय जाने से मना कर दिया था। लेकिन फिर सोनम रघुवंशी ने कुछ ऐसा किया कि राजा को जाना ही पड़ा।

### चलती ट्रेन से बैग ...

सरकार में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा का भतीजा था। मिली जानकारी के अनुसार ब्राम्हणपारा निवासी 25 वर्षीय शिवम मिश्रा पिता सुरेंद्रदत्त मिश्रा राजनांदगांव से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जरिये दुर्ग जा रहा था। इसी दौरान करीबन 7 बजकर 53 मिनट पर उसका बैग मुड़ीपार रेलवे स्टेशन में गिर गया था। ट्रेन की रफ्तार धीमे होने के कारण वह बैग उठाने के लिए ट्रेन से उतरने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

**दस मिनट के भीतर हादसा :** बताया गया कि मृतक युवक राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 7 बजकर 45 मिनट पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पर चढ़ा था। महज दस मिनट के भीतर 7 बजकर 55 मिनट पर वह मुड़ीपार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर उसके घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई। घटना के बाद से ही परिवार में मातम छाया हुआ है। युवक का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर को स्थानीय मुक्तिधाम में पूरा किया गया।

### नड्डा बोले-'स्वर्ण अक्षरों' में...

सरकार 'भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण' की राजनीति में लिप्त रही। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्य असाधारण हैं और उन्हें स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन में गिरावट के बाद केंद्र सरकार की स्थिरता के सवाल पर नड्डा ने कहा कि राजग सरकार न केवल यह कार्यकाल पूरा करेगी, बल्कि अगला कार्यकाल भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार मजबूत है। यह इस कार्यकाल में पांच साल पूरे करेगी और अगला कार्यकाल भी पूरा करेगी। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित नहीं करने संबंधी कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणियों को खारिज करते हुए नड्डा ने कहा कि अगर सत्ता में बैठे प्रमुख दल का अध्यक्ष मीडिया से बात करता है तो इसमें क्या गलत है। रमेश पर पलटवार करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस महासचिव से ज्यादा जनता से संवाद करते हैं।

### बदले जाएंगे स्कूलों के नाम...

यदि किसी भवन में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और उच्चतर-उच्चतम विद्यालयों का संचालन हो रहा था, तो अब इन्हें एक ही विद्यालय माना जाएगा। चूंकि स्कूलों को आपस में मर्ज कर दिया गया है, ऐसे में इनके नाम के आगे लगने वाले शब्द भी हट जाएंगे। विद्यालय में जो उच्चतम कक्षा होगी, उसका स्तर ही स्कूल के नाम के आगे जुड़ेगा। यदि किसी विद्यालय में पहली से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है तो स्कूल के नाम में हायरसेकंडरी या उच्चतम शब्द जुड़ेगा। इसी तरह दसवीं तक की पढ़ाई होने की स्थिति में हाईस्कूल या उच्चतर तथा आठवीं तक की पढ़ाई होने पर माध्यमिक शब्द जुड़ेगा। जिन विद्यालयों में केवल पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई होगी, केवल वहीं प्राथमिक शाला शब्द अस्तित्व में रहेगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में ऐसे स्कूल बहुत कम हैं, जहां केवल पांचवी कक्षा तक संचालन होता हो। सामान्यतः विद्यालयों में आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। ऐसे में प्राथमिक शाला अब इतिहास बनता जाएगा।

### यूडायस कोड भी बड़ी...

ही मान्य माना जाएगा। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, मर्ज हुए विद्यालयों के नाम परिवर्तन व नवीन यूडायस कोड संबंधित बदलाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व आधिकारिक रिकॉर्ड भी अपडेट कर दिए जाएंगे।

### अंकसूची में भी...

ही दर्ज हैं। रिकॉर्ड परिवर्तन होने के बाद नवीन यूडायस कोड सहित नाम परिवर्तन कर नवीन पट्टिका लगाई जाएगी।

**न्यायालयः-श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी (छ.ग.) जिला-धमतरी (छ.ग.)**

दिनांकः-31.05.2025
प्रोसेस क्रः-524/2025
व्य.प्र.क्रः-37 अ/2016
पेशी तारीखः-23.06.2025

अशोक गुप्ता ..........वादी

बनाम

अर्चना गुप्ता वगैरह ..........प्रतिवादीगण

1. रामशरण गुप्ता, उम्र 75 वर्ष, पिता एम.बी. गुप्ता, निवासी-कृष्णा नगर, मकान नं. 269, वार्ड नं. 55, संतोषी नगर से लगा हुआ रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

2. राजेश गुप्ता, उम्र 57 वर्ष, पिता एम.बी. गुप्ता, निवासी-भूतपूर्व नेशनल बीमा अधिकारी, विशाल नगर, तेलीबांधा, म.नं. 10 रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

वादी अशोक गुप्ता के द्वारा इस न्यायालय में आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रस्तुत वाद वास्ते घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा दिनांक 27.06.2016 को व्यवहार वाद क्र. 37 अ/2016 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे नियत है, प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु उपसंजात होने के लिए आम सूचना जारी किया जाता है।

इस न्यायालय में स्वयं, अधिवक्ता अथवा प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो वाद प्रकरण की सुनवाई और निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 23.06.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 31.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

(श्रीमती नमिता मिंज भास्कर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांकः202505130700065**

**विषयः-अ-6 अ मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2024-2025**

**रुद्री (प.ह.नं. 00045),**

**पक्षकारों का विवरणः-**

**आवेदक पक्षकारः-बुद्धेश्वर साहू,**

**अनावेदक पक्षकारः-छ.ग. शासन,**

**इश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बुद्धेश्वर साहू पिता चन्द्रहास साहू ग्राम रुद्री प.ह.नं. 45 रा.नि. धमतरी का कृषक हूं। मेरी जमीन ऋण पुस्तिका क्र. 2359230 में खसरा नं. 370/2 रकबा 0.03 हे. तथा खसरा नं. 370/21 रकबा 0.01 हे., कुल योग रकबा 0.04 हे. अंकित है। लेकिन जब उक्त जमीन को ऑनलाईन एण्ट्री किया गया है तो उसमें दोनों खसरा नं एवं रकबा को अलग-अलग न दिखाकर ख.नं. 370/2 रकबा 0.04 हे. अंकित किया गया है। जो कि त्रुटि पूर्ण है जिसका सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 23/06/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2025 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
तहसीलदार तहसील धमतरी

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

### भारत सिंधु जल संधि पर बातचीत नहीं करेगा : सूत्र

**नयी दिल्ली।** भारत सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नयी दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नयी दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है।

**आम सूचना**

**ग्राम भिलाई, प.ह.नं. 00035 तहसील आरंग जिला रायपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 1172 रकबा 0.440 हेक्टेयर के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेतागण श्रीमती भूरी बाई पति चैतूराम निर्मलकर, याद बाई पिता चैतूराम, भुवन पिता चैतूराम, किशन पिता चैतूराम, खेमीन पिता चैतूराम, हुमन पिता चैतूराम, कामदेव पिता सरजू, सोमू पिता सरजू निर्मलकर सभी निवासी- ग्राम भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 1172 रकबा 0.440 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का सौदा कर उन्हें बयाना राशि अदा कर दिये है तथा शेष विक्रय प्रतिफल राशि को अदायगी विक्रय विलेख के निष्पादन एवं पंजीयन के समय की जायेगी और विक्रय विलेख का पंजीयन किया जायेगा।

अतएव उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के स्वत्व हक, हित अधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर मय दस्तावेज के मेरे नीचे दिये गये कार्यालयीन पते पर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी एवं बाध्यकारी नहीं होगी एवं उक्त अचल संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने हक व पक्ष में करा लिया जायेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक - 09/06/2025

विकास अग्रवाल (अधिवक्ता)
पता - पवन दाऊजी का बाड़ा बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 94252-45909

**IDFC FIRST Bank**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सह-पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं), सह-ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को यह सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (i) मांग नोटिस राशि | (ii) समझौता आईडी | (iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और जमानतदार (ओं) का नाम | (iv) गिरवी रखी गई संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि और समय | (viii) नीलामी की तिथि और समय समाप्ति | (ix) निरीक्षण की तिथि और समय | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय मुद्रा 14134123.54/- मांग नोटिस दिनांक: 30 सितं. 2019 | 13599057 | डायनेमिक हेयर सोल्यूशन, आरोग्य दा फिजियोथिरेपी, शत्रुघ्न सौंधी एवं सुजाता सौंधी | खसरा नंबर 149/36, की समस्त भूमि एवं मकान स्थित संपत्ति, पोटियाकला, वार्ड क्रमांक 52, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 | भारतीय मुद्रा 14727258.00/- | भारतीय मुद्रा 1472725.80/- | 27 जून-2025 11.00 बजे से 1.00 बजे दोपहर तक | 26 जून-2025 10.00 बजे से 5.00 बजे शाम तक | 19 जून-2025 10.00 बजे से 4.00 बजे शाम तक | नाम-विनय सोनी संपर्क नंबर-8319378592 नाम-संदेश जैन संपर्क नंबर-8839140796 |


संपत्ति निरीक्षण ऑनलाइन | संपत्ति स्थान एवं छवियों के क्यूआर कोड

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति पर मौजूद चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 10.06.2025
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

## शब्द पहेली - 5893



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 5892 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकू नवताल - 5903

★ ☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| | | | | | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5902 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

© MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने सरकार को दिया 8,076.84 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे।

### बिड़ला एस्टेट्स ने जुटाए 420 करोड़ रुपए

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी बिड़ला एस्टेट्स ने मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में अपनी दो परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम से 420 करोड़ रुपए जुटाए हैं। बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड (पूर्व में सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### विप्रो ने क्षेत्रीय मुख्यालय को स्थानांतरित किया



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने सोमवार को कहा कि उसने अपने पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय मुख्यालय को अल खोबर से रियाद, सऊदी अरब में स्थानांतरित कर दिया है। बेंगलुरु मुख्यालय वाली फर्म ने शेयर बाजार को बताया कि हाल ही में मोहम्मद मूसा को नए मुख्यालय से बाहर पश्चिम एशिया के लिए प्रबंध निदेशक बनाया गया है।

# माइक्रॉन सेमीकंडक्टर और एकस ग्रुप को एसईजेड इकाई लगाने मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने को माइक्रॉन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया और हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर (एकस ग्रुप) को मंजूरी दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को बयान में इन प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी।

बयान के मुताबिक, माइक्रॉन 13,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से गुजरात के साणंद में 37.64 हेक्टेयर क्षेत्र में अपना एसईजेड विकसित करेगी जबकि एकस ग्रुप 100 करोड़ रुपये के निवेश से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के विनिर्माण के लिए कर्नाटक के धारवाड़ में 11.55 हेक्टेयर क्षेत्र में अपना एसईजेड स्थापित करेगी।

### माइक्रॉन 13,000 करोड़ रुपए गुजरात के साणंद में करेगी निवेश

#### सरकार ने नियम किए शिथिल

सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एसईजेड गठन संबंधी कुछ नियमों को आसान बनाने के बाद यह निर्णय लिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'नियमों में बदलाव के बाद एसईजेड की स्वीकृति देने वाले बोर्ड ने माइक्रॉन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया और हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड (एकस ग्रुप) से मिले प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के विनिर्माण के लिए एसईजेड के गठन का जिक्र है।




*नियम 18 में भी संशोधन : निःशुल्क आधार पर प्राप्त और आपूर्ति की गई वस्तुओं का मूल्य भी अब शुद्ध विदेशी मुद्रा (एनएफई) की गणना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, एसईजेड नियमों के नियम 18 में भी संशोधन किया गया है ताकि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण की एसईजेड इकाइयों को घरेलू शुल्क क्षेत्र में भी शुल्क भुगतान के बाद आपूर्ति की अनुमति मिल सके।*

*विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : इन संशोधनों को वाणिज्य विभाग ने तीन जून, 2025 को अधिसूचित किया है। इससे देश में उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी के विकास को बढ़ावा मिलेगा और देश में उच्च कौशल वाली नौकरियां पैदा होंगी।*

#### अब केवल 10 हेक्टेयर क्षेत्र की जरूरत

इन क्षेत्रों में विनिर्माण के लिए अत्यधिक पूंजी की जरूरत, आयात पर निर्भरता और लाभदायक स्थिति में पहुंचने में लगने वाले लंबे समय को देखते हुए अग्रणी निवेश और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नियम संशोधित किए गए हैं। संशोधित नियम के मुताबिक, सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण के लिए एक एसईजेड स्थापित करने के लिए अब केवल 10 हेक्टेयर क्षेत्र की जरूरत पड़ेगी, जो पहले के 50 हेक्टेयर से कम है।

### आरबीआई ने पिछले दिनों रेपो रेट घटाकर किया था 5.50 फीसदी

# पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया ने सस्ते किए दर, लोन लेने वालों को बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को एक बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट कम कर दिया, जिसके बाद रेपो रेट घटकर अब 5.50 फीसदी पर आ चुका है। वहीं आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंकों ने भी लोन पर ब्याज दर कम करना शुरू कर दिया है। पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया समेत कुछ बैंकों ने अपने ब्याज दर को कम कर दिया है। ऐसे में लोन लेने वालों को बड़ी राहत मिलेगी और जिनका लोन पहले से चल रहा है, उनकी भी ईएमआई कम हो जाएगी।

शनिवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने दरों में कटौती का ऐलान किया था। इससे पहले रिजर्व बैंक के ऐलान के कुछ देर बाद ही करूर वैश्य बैंक ने भी कर्ज दरों को सस्ता करने का ऐलान किया था। अगर आपने इन बैंकों से होम लोन लिया है तो आपके बैंक की ईएमआई कम हो जाएगी। करूर वैश्य बैंक और इंडियन बैंक ने भी बयाज दर घटा दिया है।

#### पंजाब नेशनल बैंक ने घटाया ब्याज

*पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो दरों में कटौती के बाद बैंक ने रेपो लिंक्ड लैंडिंग रेट्स में कटौती की है और दरों को 8.85 फीसदी से घटाकर 8.35 फीसदी कर दिया है। बैंक के मुताबिक एमसीएलआर और बेस रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें 9 जून से लागू होंगी। शुक्रवार के कारोबार में स्टॉक एक फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ 110.15 के स्तर पर बंद हुआ है।*







#### करूर वैश्य बैंक

इससे पहले करूर वैश्य बैंक ने शुक्रवार को एमसीएलआर यानी मर्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लैंडिंग रेट्स में कटौती का ऐलान किया है। बैंक की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर और 12 महीने की एमसीएलआर में कटौती की गई है। जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर को 9.9 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी कर दिया गया है। जबकि 1 साल के एमसीएलआर को 10 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी किया गया है।




#### बैंक ऑफ इंडिया के ब्याज दर

वहीं बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि रेपो दरों में कटौती के साथ रेपो बेस्ड लैंडिंग रेट्स में 6 जून से बदलाव किए गए हैं। कटौती के बाद आरबीएलआर 8.85 फीसदी से घटकर 8.35 फीसदी कर दी गई है। शुक्रवार को स्टॉक में हल्की बढ़त देखने को मिली और स्टॉक 124.3 के स्तर पर बंद हुआ।

#### इंडियन बैंक ने भी घटाया ब्याज

इंडियन बैंक ने बताया कि मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी के द्वारा पॉलिसी रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती को देखते हुए बैंक ने रेपो बेंचमार्क रेट्स में संशोधन किया है। रेपो लिंक्ड बेंचमार्क लैंडिंग रेट्स 8.7 फीसदी से घटकर 8.2 फीसदी किए गए हैं। नई दरें 9 जून 2025 से लागू होंगी।

# टाटा मोटर्स की अगले 5 साल में 35 हजार करोड़ के निवेश की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने अगले चार वित्त वर्षों में 30 उत्पाद गतिविधियों पर 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है। इस दौरान सात नए मॉडल भी पेश करने की तैयारी है।

टाटा समूह की कंपनी अपने यात्री वाहन पोर्टफोलियो में उन्नत प्रौद्योगिकी और इंजन प्रणाली लाने पर भी निवेश करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स वित्त वर्ष 2026-27 तक 16 प्रतिशत (ईवी सहित) और अगले दो-तीन वर्षों में लगभग 18-20 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी की उम्मीद कर रही है।

कंपनी ने विश्लेषकों के समक्ष एक प्रस्तुति में उम्मीद जताई कि घरेलू यात्री वाहन उद्योग वर्ष 2030 तक सालाना 60 लाख इकाई तक बढ़ जाएगा। कंपनी ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2029-30 तक अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे। इसमें सात नए उत्पाद और 23 उत्पादों के नए संस्करण शामिल होंगे।

टाटा मोटर्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर 2029-30 के दौरान 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय किया जाएगा। इसका इस्तेमाल अभिनव उत्पादों, सॉफ्टवेयर-संचालित वाहनों , उन्नत प्रौद्योगिकियों और इंजन प्रणाली पर किया जाएगा।

#### सर्विस नेटवर्क पर भी ध्यान

कंपनी ने कहा कि यात्री वाहन खंड में वह नए और विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ मजबूत वृद्धि हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह बिक्री बढ़ाने के साथ ही अपने सर्विस नेटवर्क पर भी विशेष ध्यान देगी। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखना भी कंपनी की प्राथमिकता में होगा। टाटा मोटर्स को उम्मीद है कि 2030 तक कुल यात्री वाहन बाजार में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 30 प्रतिशत तक हो जाएगी।

## बिजनेस साइट

# रिलायंस डिजिटल का 'शॉप एंड विन' ऑफर, 30 करोड़ रुपए तक के इनाम जीतने का सुनहरा मौका




**मुंबई।** देश के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर रिलायंस डिजिटल ने इस समर शॉपिंग सीज़न को और भी खास बनाने के लिए अपने बहुप्रतीक्षित 'शॉप एंड विन' अभियान की शुरुआत कर दी है।

इस रोमांचक ऑफर के तहत ग्राहक हर खरीदारी पर लाखों के इनाम जीत सकते हैं। यह विशेष अभियान 31 अगस्त, 2025 तक चलेगा, जिसमें रिलायंस डिजिटल स्टोर्स, माय जियो स्टोर्स और ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों को 30 करोड़ तक के इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इस रोमांचक अभियान के तहत इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स और लैपटॉप व वॉशिंग मशीन की खरीदारी पर निश्चित उपहार जीतने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, 15 जून, 2025 तक अगर ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक कार्ड्स के जरिए खरीदारी करते हैं, तो उन्हें 15,000 रुपये तक का इंस्टेंट डिस्काउंट भी प्राप्त हो सकता है। इतना ही नहीं, लैपटॉप खरीदने वाले ग्राहकों को 1 करोड़ रुपये के स्कॉलरशिप प्राइज़ पूल से छात्रवृत्ति जीतने का भी अवसर मिलेगा।

# प्रोफेसर अच्युत सामंत को ताइवान के विश्वविद्यालय से मिला 68वां मानद डॉक्टरेट सम्मान




**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी और कीट-कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत को ताइवान के चाओयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वार्षिक दीक्षांत समारोह में मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया। यह उनके जीवन का 68वां मानद डॉक्टरेट सम्मान है। प्रोफेसर सामंत को यह सम्मान शिक्षा के माध्यम से समाज के उत्थान में उनके अप्रतिम योगदान के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद और प्रबंधन बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से उनके नाम की अनुशंसा की गई थी।

■ शिक्षा और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए हुआ सम्मान

# 2025-26 खरीफ सत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अगले महीने से शुरू होने वाले 2025-26 के खरीफ सत्र के दौरान भारत में खाद्यान्न उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि मानसून की बारिश सामान्य से अधिक रहने के पूर्वानुमान के चलते ऐसा हो सकता है। चौहान ने साक्षात्कार में नकली और घटिया कीटनाशकों की बिक्री को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने और संतुलित उर्वरक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बेहतर कार्यान्वयन की बात भी कही। वह देश भर में 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। इस दौरान मंत्री ने कहा कि खरीफ बुवाई से पहले संपर्क कार्यक्रम कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और अनुसंधान योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। कृषि मंत्रालय के तीसरे अनुमान के अनुसार, 2024-25 के खरीफ सत्र में भारत का खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 16.80 करोड़ टन तक पहुंच गया है।

# दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज पहुंचा विणिंगम बंदरगाह

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार सुबह विणिंगम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जहाज मंगलवार तक यहां रहेगा। यह जहाज सोमवार सुबह आठ बजे विणिंगम पहुंचा। यहां पहुंचने पर उसका स्वागत पारंपरिक जल सलामी के साथ किया गया। एमएससी इरिना का आगमन नए गहरे पानी वाले बंदरगाह के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। करीब 24,346 टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) वहन क्षमता वाला यह विशाल जहाज वैश्विक व्यापार के बढ़ते पैमाने और इसमें भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, '24,346 टीईयू क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना का विणिंगम बंदरगाह पर स्वागत करते हुए हम गर्व महसूस कर रहे हैं। लगभग 399.9 मीटर लंबा और 61.3 मीटर चौड़ा यह जहाज फीफा के एक मानक फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है।




JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग • सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी चक्कर की जाँच एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments • टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज (Hearing Aids) सुनाई मशीन

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सिंघानिया स्किन केयर Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

## रोनाल्डो ने दागा कॅरियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल

# पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया

## रोमांचक फाइनल मुकाबले में 2-2 से बराबर रहा मैच

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच में वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गई।

### 61वें मिनट में की बराबरी

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाए मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।



### रोनाल्डो की आंखों में छलके खुशी के आंसू

दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उस समय भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए जब स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग फुटबॉल के फाइनल में पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई और फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। टीम की जीत तय होते ही रोनाल्डो की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं। पुर्तगाल के इस 40 साल के कप्तान ने कहा, 'मैंने अपने क्लबों के साथ कई खिताब जीते हैं, लेकिन पुर्तगाल के लिए जीतने से बड़ा कुछ नहीं है।'

### स्पेन का आक्रमण फेल



यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।

### मेंडिस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

क्रिकेट

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी20 श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को नौ गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रुक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने नौ गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही। जैकब बेथेल (26 रन) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंदों पर 56 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 96 रन बनाने वाले बटलर ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाकर एक बार फिर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।

## खबर संक्षेप

### बुमराह के संदेश ने बढ़ाया था ग्रीन का मनोबल

**लंदन।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के



एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि नौ से बारह महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन मैच खेल रहे थे।'

### भारत को हालात के अनुकूल ढलना होगा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिये हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी जबकि माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिये 'कुछ खास' की शुरूआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

### आज भारत के सामने हांगकांग की चुनौती

**कोवलून।** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को



हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिये आसान नहीं होगी। स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50000 टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं।

### बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोर्स

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स नवी मुंबई के रिलायंस फाउंडेशन यंग चैम्प्स परिसर में आयोजित किया। पश्चिम भारत फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित छह दिवसीय कोर्स में 23 सक्रिय फुटबॉल कोचों ने भाग लिया जो भारतीय एनजीओ 'स्लम सॉकर' से जुड़े थे। एआईएफएफ के शीर्ष कोच शैलेष करकेरा ने इसका संचालन किया और भारतीय साइन भाषा के दो भारतीय जानकारों ने उनकी मदद की।

## टीएनपीएल में स्पिनर अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने खींचा ध्यान

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर



अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए।

अश्विन ने अपनी शुरुआती 10 गेंद पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए। हालांकि अश्विन ने पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद को पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और उनके सलामी जोड़ीदार शिवम सिंह (27 गेंद पर 30 रन) ने लेग साइड की वाइड गेंद को लेकर पहले ओवर में ही रेफरल का अपना कोटा खत्म कर दिया था।

### डीडीसीए की महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, 'यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिए बेहतरीन अवसर है। उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा।'

## सिनर शीर्ष पर बरकरार, बोइसों ने लगाई 296 स्थान की लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| पेरिस



फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं।

कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है।

### निशानेबाजी लीग से खेल को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग भारत और दुनिया भर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर



राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। उन्होंने एनसीएए प्रतियोगिताओं में केंटुकी विश्वविद्यालय और वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ जर्मनी की बुंडेसलीगा में साल्टेंडोर्फ टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

## डब्लूटीसी फाइनल कल से, अफ्रीका के सामने आस्ट्रेलिया की चुनौती



एजेंसी ▶▶| लंदन

वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है।

ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्लूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।

टीम ने डब्लूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था।

### पारी का आगाज कौन करेगा तय नहीं

ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद हैं। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## भारत ए और इंग्लैंड लॉयन्स के बीच अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ

**नॉर्थम्पटन।** भारत ए के 439 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लॉयन्स ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जिसके बाद चौथे और अंतिम दिन दूसरा अनौपचारिक टेस्ट नीरस ड्रॉ पर समाप्त हुआ। साथ ही दो मैच की श्रृंखला भी 0-0 से बराबर रही। केंटरबरी में पहला अनौपचारिक टेस्ट भी ड्रॉ रहा था। भारत ए ने तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के अर्धशतक से दूसरी पारी सात विकेट पर 417 रन



बनाकर घोषित की और मेजबान टीम को 439 रन का लक्ष्य दिया। कंबोज (दो विकेट) ने इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए एमिलियो गे (05) और जोर्डन कॉक्स (00) को पवेलियन भेजकर इंग्लैंड लॉयन्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा। जब मैच ड्रॉ घोषित किया गया उस समय सलामी बल्लेबाज बेन मैकिनी 16 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर पर कप्तान जेम्स रेव खाता खोले बिना उनका साथ निभा रहे थे।

### नीदरलैंड से लगातार दूसरा मैच हारा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब सोमवार को नीदरलैंड ने उसे 3-2 से हराया। सात जून को पहले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था जो अपना 100वां मैच खेल रहे थे। नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने 24वें, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे।

## धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

एजेंसी ▶▶| लंदन



पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं।

आईसीसी ने बयान में कहा, 'दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है।'

## कोलकाता और दिल्ली में टेस्ट मैचों की अदला-बदली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम भारत के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

रायपुर मुख्य- II शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1. श्री दीपक कुमार अग्रवाल<br>2. श्रीमती पिंकी अग्रवाल पत्नी दीपक अग्रवाल<br>दोनों का पता- मकान नं. 374 राम किंकर, समता कॉलोनी, रायपुर-492001. | शीर्षक धारक का नाम- दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र सीताराम अग्रवाल, खसरा नं. 1211/22, 1320/21, 1216/19, 1217/19, 1218/31, 1211/23, 1320/22, 1216/20, 1217/20, 1218/32 के भूमि का भाग, प.ह.नं 63, फ्लैट जे-602 (नगर निगम मानचित्र के अनुसार बी-610) 6वीं मंजिल, ग्रीन ग्लोरी बिल्डिंग, महर्षि वाल्मीकि वार्ड नं. 28, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल -1064 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** फ्लैट नं. एच 601, **दक्षिण-** फ्लैट नं. जे 601 से आगे का मार्ग, **पूर्व-** आसमान से खुला, **पश्चिम-** आकाश से खुला। | HOUSING LOAN<br>₹ 20,00,000.00<br>25/03/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 15,70,708.83<br>एनपीए तिथि 29/05/2025 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, रायपुर मुख्य-II शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 09.06.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक




# हार्डवेयर दुकान की आड़ में चल रहा था धान बीज का गोरख धंधा

## कृषि और राजस्व विभाग की टीम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर



खरीफ सीजन शुरू होने के साथ ही संभाग में बीज माफिया सक्रिय हो गए है जो अपने मुनाफे के लिए किसानों की किस्मत से खिलवाड़ कर रहे है। बीज माफियाओं द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस और अनुमति के बाहर की कम्पनियों के नाम पर धान बीज का कारोबार किया जा रहा है और नगर में भी इस गोरख धंधे का खुलासा हुआ है। राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के हार्डवेयर दुकान में छापा मारकर 150 क्विंटल से अधिक नकली धान बीज जब्त किया है। इसके साथ ही टीम ने हार्डवेयर दुकान को सील कर दिया है। टीम द्वारा जब्त किए गए धान को जांच के लिए भेजा जाएगा। बड़ी बात यह है कि हार्डवेयर व्यवसायी द्वारा धान का अवैध रूप से भंडारण करने के बाद धान बीज की कंपनी के नाम से प्लास्टिक बोरियों में पैक कर बेचा जा रहा था।

बता दें कि खरीफ सीजन में नकली धान बीज व खाद के कारोबार के मामले सरगुजा, सूरजपुर जिले में सामने आए है। ऐसे में जिले में भी कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने अवैध धान बीज के कारोबार पर लगाम लगाने के निर्देश दिए गये है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व व कृषि विभाग की टीम द्वारा लगातार दुकानों में जांच की जा रही है। इस बीच कलेक्टर श्री कटारा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नगर के मेसर्स राजकुमार अग्रवाल द्वारा हार्डवेयर दुकान की आड़ में नकली बीज का कारोबार किया जा रहा है।

### दुकान बंद कर भागा संचालक, रातभर पुलिस ने दिया पहरा

बड़ी बात यह है कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद जब राजस्व व कृषि विभाग के साथ ही पुलिस की टीम मेसर्स राजकुमार अग्रवाल के दुकान में पहुंची तो संचालक राजकुमार अग्रवाल के घर वालों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और संचालक अपना मोबाइल फोन बंद कर फरार हो गया। ऐसे में टीम का काम प्रभावित हो गया। संचालक रात के समय अवैध धान बीज को कहीं शिफ्ट ना कर दे इसके लिए रात के समय ही कलेक्टर से अनुमति लेने के बाद दुकान को सील कर दिया गया। इसके साथ ही रातभर थाना प्रभारी कुमार चंदन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुकान के बाहर पहरेदारी की। सोमवार की सुबह राजकुमार अग्रवाल की पत्नी श्रीमती मंजू अग्रवाल ने अधिकारियों को जांच में सहयोग करने और अंदर से दुकान खोलने की बात कही गई जिसके बाद पुनः टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंभीरपुर थानाक्षेत्र में आजमगढ़-वाराणसी मुख्य मार्ग पर आजमगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आंचल यादव (21) और अंशिका यादव (20) नामक छात्राओं को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों छात्राओं को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आंचल यादव को बेहतर इलाज के लिए आजमगढ़ भेजा गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## समुद्र में क्रैश हुआ छह लोगों को ले जा रहा विमान

सैन डिएगो। सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गयी। उन्होंने बताया कि वहां पानी की गहरायी 200 फुट (करीब 61 मीटर) है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग
जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

# लाठी-सब्बल से मारकर बड़े भाई की हत्या, नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

## जमीन बंटवारा विवाद में बड़ी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



जमीन बंटवारा विवाद में लाठी सब्बल से मारकर बड़े भाई की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने नाबालिग सहित 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

हिर्री टीआई अवनीश पासवान ने बताया, खरकेना निवासी फेकूराम ध्रुव का छोटे भाई लेखूराम ध्रुव से पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 8 जून की रात 8.30 बजे फेकूराम खाना खाकर घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई लेखूराम ध्रुव, उसकी पत्नी व बच्चे उसके पास आकर बंटवारे को लेकर गाली गलौज कर विवाद करने लगे। फेकूराम ने विवाद किया तो सभी एकराय होकर उनके साथ हाथ मुक्का व लाठी से मारपीट करने लगे। इसी दौरान लेखूराम का छोटा नाबालिग बेटा घर से सब्बल लाकर पेट में हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर उन्हें मृत समझकर भाग गए। घरवालों के द्वारा डायल 112 में घटना की सूचना दी गई। डायल 112 से घायल फेकूराम ध्रुव को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल लेकर गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। हत्या की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया।

### ये आरोपी धरे गए

देर रात पुलिस ने पतासाजी कर हमलावर छोटे भाई लेखूराम ध्रुव, उसकी पत्नी महेशिया बाई ध्रुव, बेटा मिलाप ध्रुव, ईश्वर ध्रुव व एक नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 191, 2, 191, 3, 103, 1 के तहत हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।




# पितईबंद रेत घाट में पत्रकारों से मारपीट, फायरिंग भी की



राजिम। गरियाबंद जिले में अवैध रेत खनन की खबर बनाने गए पत्रकारों को रेत माफिया ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है। दो बार फायरिंग की गई। माफिया के गुर्गों ने पहले पत्रकारों से बहस की, फिर कैमरा और आईडी कार्ड छीन लिया। मामला राजिम थाना क्षेत्र के पैरी नदी के पितईबंद रेत घाट का है। वारदात के वक्त किसी तरह जान बचाकर भाग रहे पत्रकारों ने वीडियो बनाया। वीडियो को प्रशासनिक ग्रुप में डाला, जिसके बाद अफसर व पुलिस पहुंची और पत्रकारों को बचाया। घटना के बाद रेत माफिया की गुंडागर्दी को लेकर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने आईडी माइक सड़क पर रखकर धरने पर बैठे हैं। रेत माफिया को सरंक्षण देने वाले जिले के खनिज अधिकारियों और रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। सोमवार को जिले के राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत पितईबंद रेत घाट में फिंगेश्वर के पत्रकार, शेख इमरान, जितेन्द्र सिन्हा, थानेश्वर साहू, नेमीचंद बंजारे और कैमरामैन लक्ष्मीशंकर समाचार कवरेज के लिए गए थे। इस दौरान वह पितईबंद के अवैध रेत खदान पहुंचकर वीडियो बनाए। साथ ही अवैध परिवहन में लगे वाहनों को पकड़ने के लिए जिला खनिज अधिकारी को सूचना दी।

■ पत्रकार धरने पर बैठे, कार्रवाई पर अडे

### धरने पर बैठे पत्रकार

इस घटना से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकार, राजिम के पं सुंदरलाल शर्मा चौक में धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। पत्रकारों की मांग है कि घटना में संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। जब तक कार्रवाई नहीं होती तब तक हम यहीं बैठे रहेंगे। प्रशासन को हमारी सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। पत्रकारों का कहना है कि यदि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा। इस हमले ने न सिर्फ पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर चिंता जताई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com